दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 309 जयपुर, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023 | आश्विन, शुक्ल पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**एक्शन:** जयपुर और जोधपुर में आठ ठिकानों पर आयकर सर्वे व छापेमारी जारी

# अब तक खोले 5 लॉकर्स, 1.60 करोड़ रु. और 400 ग्राम सोना जब्त

बेधड़क | जयपुर

गणपति प्लाजा के निजी वॉल्ट के लॉकर्स में छिपे धन व संपत्तियों को खंगालना अब आयकर अधिकारियों ने शुरू कर दिया है। शुक्रवार से यहां हो रही आयकर सर्वे कार्रवाई में मंगलवार तक पांच लॉकर्स खोले जा चुके हैं। इनमें मिली एक करोड़ 60 लाख की नकदी को विभागीय अधिकारी जब्त किया है। खोले गए लॉकर्स में से दो किलो 400 ग्राम सोना भी बरामद हुआ है, जिसमें से अधिकारियों ने 400 ग्राम सोना जब्त किया और जिस लॉकर मालिक के यहां दो किलो सोना मिला, उसे सोने की खरीद के संबंध में दस्तावेज पेश करने के आदेश दिए। उधर, आयकर विभाग की ओर से रावत मिष्ठान भंडार के 6 ठिकानों पर सोमवार को शुरू हुई आयकर सर्वे कार्रवाई में से दो ठिकानों की कार्रवाई को मंगलवार को आयकर छापे में बदल दिया, जबकि वीकेआई के भगवती ट्रेडर्स के यहां हो रही सर्वे की कार्रवाई जारी रही। सभी ठिकानों पर कार्रवाई मंगलवार देर रात तक जारी रही। इसमें और भी नए खुलासे होने की उम्मीद की जा रही है।



## रावत मिष्ठान भंडार और भगवती ट्रेडर्स के यहां हो रही छापे और सर्वे की कार्रवाई

### कांग्रेस पार्षद के लॉकर में मिले 80 लाख

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जब्त की गई एक करोड़ 60 लाख की नकदी में से 80 लाख की नकदी चूरू जिले की तारानगर तहसील के वार्ड संख्या 5 से कांग्रेस के पार्षद इरदीस सैय्यद की बताई जा रही है, जबकि 30 लाख रुपए रावत मिष्ठान भंडार से संबंधित है। इसके अलावा आयकर अधिकारियों ने जयपुर के एक गुप्त रोग चिकित्सक डॉ. सैय्यद दानिश अली के लॉकर में 50 लाख रुपए मिले, जिन्हें भी जब्त किया गया है। विभागीय अधिकारियों को सभी लॉकर्स में मिली नकदी 500 रुपए के मूल्य वर्ग में मिली है। विभाग की ओर से खोले गए लॉकर्स में से रावत मिष्ठान भंडार के लॉकर में 400 ग्राम सोना भी मिला, जिसे जब्त किया गया है, जबकि दुसाद परिवार के नाम से लिए एक लॉकर में दो किलो सोना मिला है, जिसे लेकर अधिकारियों ने लॉकर मालिक को फिलहाल सोना खरीद के दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस परिवार का यहां एक और लॉकर भी बताया जा रहा है।

### काली कमाई का खुलासा जल्द

उधर, सोमवार को जयपुर और जोधपुर में 8 ठिकानों पर शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई में से रावत मिष्ठान भंडार के 6 में से जयपुर में दो ठिकानों की कार्रवाई को आयकर छापे में बदल दिया गया। बताया जाता है कि यहां अधिकारियों को काफी चौंकाने वाली जानकारियां मिली है। कार्रवाई जारी होने के कारण फिलहाल अधिकारी इस बारे में कुछ नहीं बता रहे। उम्मीद है कि रावत मिष्ठान भंडार के संचालकों के यहां काफी काली कमाई उजागर होगी, जबकि सोमवार को लॉकर खोलने से इनकार करने वाले विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैसर्स भगवती ट्रेडर्स के संचालक कार्तिक कूलवाल के यहां शुरू की गई आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। बताया जाता है कि इस सर्वे में भी अधिकारियों को बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का पता लगा है, जिसका भी जल्द ही खुलासा होगा। कूलवाल आयातित इलेक्ट्रॉनिक सामान और एफएमसीजी का कारोबारी है। इसी तरह गणपति प्लाजा स्थित रोयरा सेफ्टी वॉल्ट के लॉकर्स पर शुक्रवार से शुरू हुई आयकर सर्वे की कार्रवाई मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रही।

---

## जरूरी खबर

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आज कोटा-अजमेर दौरे पर



**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को कोटा और अजमेर आएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जेपी नड्डा दिल्ली से सुबह 8:50 बजे फ्लाइट से रवाना होकर सुबह 10:00 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद जयपुर एयरपोर्ट से कोटा के लिए रवाना होकर सुबह 11:00 बजे कोटा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इस दौरान भाजपा नेता और पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद जेपी नड्डा कोटा के लोटस अनंता औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

### केंद्रीय कर्मियों के डीए को वित्त मंत्रालय की मंजूरी

**नई दिल्ली।** महंगाई भत्ते को लेकर केंद्र सरकार के कर्मियों के लिए बड़ी खबर है। वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद अब डीए की फाइल केंद्रीय कैबिनेट के पास पहुंच गई है। सरकार के सूत्रों का कहना है कि कैबिनेट की बैठक के एजेंडे में शामिल फाइल पर अब किसी भी वक्त मुहर लग सकती है। ऐसी संभावना है कि बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में महंगाई भत्ते को मंजूरी मिल जाएगी। लगभग एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनरों को पहली जुलाई से 4 फीसदी डीए वृद्धि की सौगात मिलेगी। सूत्रों का कहना है कि दिवाली से पहले कर्मियों और पेंशनरों को अक्तूबर के वेतन में डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी का असर नजर आएगा।

---

**कांग्रेस की सूची आज! गहलोत, पायलट व डोटासरा के नाम तय**

# पार्टियों में टिकट महामंथन
# बगावत की टेंशन

- धारीवाल की जगह अमित को, कई मंत्रियों को भी हरी झंडी
- खाचरियावास, रफीक के साथ निर्दलीय खंडेला, नागर के नाम
- भाजपा में मैराथन बैठक, पर दूसरी सूची के लिए अभी इंतजार

बेधड़क | नई दिल्ली/जयपुर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव के घमासान में कांग्रेस और भाजपा में टिकटों लेकर दिल्ली में महामंथन चल रहा है। टिकटों के मंथन के साथ दोनों खेमों में सूची बाहर आने के बाद की परिस्थितियों को लेकर भी चिंतन किया जा रहा है। मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की छह घंटे तक बैठक चली। बैठक में 38 उन सीटों पर एक-एक करके चर्चा हुई, जिन पर लेकर विवाद माना जा रहा था। इससे पहले हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में 106 नामों को लेकर चर्चा हो चुकी है। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कमेटी के संयोजक गौरव गोगोई, सुखजिंदर सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, सचिन पायलट, गोविंद सिंह डोटासरा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। बुधवार को सवेरे साढ़े नौ बजे कांग्रेस की सीईसी की बैठक बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि इसके बाद कांग्रेस की पहली सूची जारी कर दी जाएगी।



इधर कांग्रेस सूत्रों की माने तो पहली सूची में जहां मुख्यमंत्री गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष जोशी, प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा और पायलट के साथ निर्दलीय विधायकों के नाम भी शामिल होंगे जिन्हें कांग्रेस इस बार अपना प्रत्याशी बनाने जा रही है। इसके अलावा सूची में कोटा उत्तर से संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल की जगह उनके पुत्र अमित को चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। इसके अलावा निर्दलीय विधायक रहे महादेव सिंह खंडेला, संयम लोढ़ा, रामकेश मीणा, बाबूलाल नागर के नाम भी इस सूची में होंगे। इसके साथ ही मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, परसादीलाल मीणा, रामलाल जाट, मुरारीलाल मीणा, भजनलाल जाटव, अर्जुनलाल बामनिया, ममता भूपेश, महेंद्रजीत सिंह मालवीया के नाम भी कांग्रेस की पहली सूची में शामिल होंगे। इसके अलावा इस सूची में गजराज सिंह खटाणा और डॉ.चंद्रभान के नाम भी होने की जानकारी सामने आ रही है।

## मेवाड़ और कालवी भाजपा में शामिल

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के कुनबे में लगाातार बढोत्तरी हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़ और मारवाड़ के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कल्याण सिंह कालवी के पोते भवानी सिंह कालवी ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। भवानी सिंह के पिता लोकेंद्र सिंह कालवी राजपूत समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। मंगलवार को दिल्ली बीजेपी मुख्यालय में विश्वराज सिंह मेवाड़ और भवानी सिंह कालवी को प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, जॉइनिंग कमेटी के अध्यक्ष और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पार्टी जॉइन कराई। इस दौरान सांसद दीया कुमारी भी मौजूद रही। दोनों की जॉइनिंग में दीया कुमारी की अहम भूमिका मानी जा रही है। जानकारी के अनुसार गुलाबचंद कटारिया के असम का राज्यपाल बनने के बाद से ही मेवाड़ में भाजपा अपने को मजबूत करने में लगी है। सूत्रों की मानें तो विश्वराज सिंह मेवाड़ को पार्टी उदयपुर शहर से चुनाव लड़ा सकती है।



### पांच घंटे चली कोर कमेटी की बैठक

इधर भाजपा में प्रत्याशी की दूसरी सूची के नामों की चर्चा राजस्थान कोर टीम के साथ की गई। कोर कमेटी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निवास पर उनकी मौजूदगी में हुई। बैठक में 159 नामों को लेकर चर्चा की गई। इनमें से अभी करीब 90 प्रत्याशियों के नाम की दूसरी सूची भाजपा जारी करेगी। हालांकि इसमें अभी दो से तीन दिन का समय लगने वाला है। क्योंकि सूची पर अंतिम मुहर भाजपा चुनाव कार्यसमिति की बैठक में लगाई जाएगी।

---

**सियासी संकट में विधायक नहीं थे करप्ट**

# देश में चल रहा डेमोक्रेसी खत्म करने का बड़ा खेल: गहलोत

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को दिल्ली जाने से पहले जयपुर एयरपोर्ट पर सरकार के सियासी संकट को लेकर भाजपा पर जुबानी हमला बोला।

सीएम गहलोत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश की सरकार को गिराने को लेकर विधायकों के ज्यादा करप्ट होने की अफवाह बीजेपी और आरएसएस ने फैलाई है। उन्होंने कहा कि विधायक अगर करप्ट ही होते तो 10 करोड़ की पहली किस्त इन्होंने क्यों नहीं ली? इनको तो कोई कहने वाला ही नहीं था। कोई पूछने वाला नहीं था। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में लिए होंगे। उन विधायकों पर तो 35-35 करोड़ के आरोप लगे थे। महाराष्ट्र में तो 50 करोड़ के लग रहे हैं, लेकिन उनकी बात कोई नहीं कर रहा हैं। गहलोत ने कहा कि देश में डेमोक्रेसी खत्म करने का यह बड़ा खेल हो रहा है। राजस्थान की आज देशभर में चर्चा हो रही हैं। अमित शाह, मोदी राजस्थान में सरकार गिरा नहीं पाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार नहीं गिरने का श्रेय प्रदेश की जनता को जाता हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनता हमारे खिलाफ होती तो सरकार नहीं बचती। उन्होंने कहा कि विधायक भी जनप्रतिनिधि है, वह जनता का मूड देखता है।



## वहीदा को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

***नई दिल्ली।*** *राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को फिल्म जगत का सर्वोच्च दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया। भारतीय सिनेमा जगत का यह सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण करने वाली वहीदा रहमान आठवीं महिला कलाकार हैं। पुरस्कार पाने के बाद वहीदा रहमान भावुक नजर आईं। इस दौरान हॉल में मौजूद सभी लोगों ने खड़े होकर वहीदा रहमान को सम्मान दिया। पुरस्कार मिलते ही पुरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठा।*

***विस्तृत समाचार पेज 8 पर***



---

**सेम सेक्स मैरिज पर 'सुप्रीम' फैसला**

# न सेम सेक्स मैरिज को मिली मंजूरी... ना ही बच्चे गोद लेने का अधिकार

- कोर्ट ने समलैंगिक शादी को मान्यता देने से किया इनकार
- शीर्ष अदालत ने शादी को मौलिक अधिकार मानने से भी किया मना
- समलैंगिक कपल बच्चा भी नहीं ले सकेंगे गोद

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला देते हुए समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोर्ट कानून नहीं बना सकता, बल्कि उनकी केवल व्याख्या कर सकता है और विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है।



सुनवाई की शुरुआत में जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले में उनका, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस एस रवींद्र भट्ट और जस्टिस पी एस नरसिम्हा का अलग-अलग फैसला है। जस्टिस हिमा कोहली भी इस पीठ में शामिल थीं। चीफ जस्टिस ने इस अहम मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कि विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है या नहीं, इसका निर्णय लेना संसद का काम है। उन्होंने कहा कि यह अदालत कानून नहीं बना सकती, वह केवल उसकी व्याख्या कर सकती है और उसे प्रभावी बना सकती है।

### ...पहले जगी थी उम्मीद

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने जब अपना फैसला पढ़ना शुरू किया था तो समलैंगिक कपल को उम्मीद जगी थी कि उन्हें बच्चे गोद लेने की इजाजत मिल सकती है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह परमिशन भी नहीं दी। इससे पहले राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने समलैंगिकों को बच्चा गोद लेने की इजाजत देने का विरोध किया था। आयोग ने कोर्ट में कहा था कि इस तरह का प्रयोग नहीं होना चाहिए। शोध के आधार पर तर्क दिया गया था कि समलैंगिक जिस बच्चे का पालन करेंगे, उसका मानसिक और भावनात्मक विकास कम हो सकता है।

### शादी का स्वरूप बदल गया

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि समलैंगिकता केवल शहरी कॉन्सेप्ट नहीं है। शादी का स्वरूप बदल गया है। यह डिबेट दिखाती है कि विवाह का रूप स्थिर नहीं है। सती प्रथा से लेकर बाल विवाह और अंतरजातीय विवाह तक विवाह का रूप बदला है। विरोध के बावजूद शादियों के स्वरूप में बदलाव आया है।

### ...यह संसद को तय करना है

सीजेआई ने कहा कि यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है। अगर विशेष विवाह अधिनियम को खत्म कर दिया गया तो यह देश को आजादी से पहले के युग में ले जाएगा। विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है या नहीं, यह संसद को तय करना है। इस न्यायालय को विधायी क्षेत्र में प्रवेश न करने के प्रति सावधान रहना चाहिए।

## जरूरी खबर

### सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया स्थगित की




**जयपुर**। स्वायत्त शासन विभाग ने सफाई कर्मचारियों की ऑनलाइन आवेदन प्रकिया स्थगित कर दी है। विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव ह्रदेश कुमार शर्मा ने नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के पदों पर सीधी भर्ती के लिए 16 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए थे। इस आवेदन की प्रकिया को अपरिहार्य कारणों से आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। जारी आदेश में लिखा है कि भर्ती कराने के लिए आगामी तिथि जल्द ही वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। गौरतलब है कि विभाग ने 6 अक्टूबर को सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे थे।

### मतगणना दिवस पर प्रदेश में सूखा दिवस घोषित

**जयपुर**। राज्य सरकार ने राजस्थान विधानसभा आम चुनाव 2023 के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से सम्पूर्ण राज्य में सूखा दिवस घोषित किया है। इस संबंध में वित्त (आबकारी) विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार 23 नवंबर की शाम से 25 नवंबर को मतदान समाप्ति तक राज्य में सूखा दिवस रहेगा। पुनर्मतदान की स्थिति में भी पुनर्मतदान क्षेत्रों में मादक पदार्थ के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही मतगणना दिवस 3 दिसम्बर 2023 को भी सम्पूर्ण राज्य में सूखा दिवस घोषित किया गया है।

### गैस सिलेंडर पर केंद्र दे रहा 300 रुपए सब्सिडी



**जयपुर**। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डॉ.अल्का गुर्जर ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा है कि केन्द्र सरकार ने गरीब कल्याण योजनाओं के माध्यम से गरीबी रेखा के नीचे जीवन जी रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेण्डर देने का संकल्प जारी है, इस पर भी गहलोत सरकार जनता में भ्रम फैलाने से बाज नहीं आ रही है। मात्र 100 रुपए की सब्सिडी देकर पूरा श्रेय लेने के कांग्रेस के षड्यंत्र को जनता जान चुकी है। गरीब के जीवन से खेलने का पाप कांग्रेस सरकार की विदाई तय कर चुका है।

---

**बेटे के लिए नौकरी मांगने गए व्यक्ति से** कांग्रेस विधायक ने की बदसलूकी, भाजपा ने की आलोचना

# बिधुड़ी ने बुजुर्ग की पगड़ी को मारी लात, वीडियो हुआ वायरल

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी समर के बीच एक और विधायक के खिलाफ विवादित वीडियो ने कांग्रेस के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। दरअसल, चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं विधानसभा सीट से विधायक और कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का एक विवादित वीडियो सामने आया है।

वीडियो में विधायक बिधूड़ी एक बुजुर्ग की पगड़ी को लात मारकर उछालते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो साल 2021 का बताया गया है, जो मंगलवार को सामने आया है। बिधूड़ी अपने बेबाक बयानों के चलते अकसर विवादों में आते रहे हैं। कुछ समय पहले पुलिस अधिकारी को फोन पर गालियां देने के विवाद में भी वे घिर गए थे।

प्रदेश कांग्रेस के लिए हाल की ये दूसरी विवादित घटना है। दो दिन पहले ही एक ओर विधायक के खिलाफ महिला के साथ रेप के आरोप का एक लेटर वायरल हो गया था।

अब विधुड़ी के इस वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा हमलावर हो गई है। वहीं इस मामले में विधायक ने अपना पक्ष रखते हुए इसे एक सोची-समझी साजिश बताया है। बिधूड़ी ने कहा ये वीडियो 21-10-2021 का है अैर वीडियो में नजर आ रहा व्यक्ति लोभी राम है। उसके पुत्र जिस के खिलाफ पारसोली थाने में 16-07-2021 को रेप का केस दर्ज हुआ था।

वह हर जगह आ कर पगड़ी रख के भावनात्मक रूप से प्रभावित करना चाहता था व वीडियो में भी रेप जैसे घिनौने कृत्य के लिए मुझे मदद करने के लिए बोल रहा था। बलात्कारियों को गले सिर्फ बीजेपी वाले लगा सकते हैं, कांग्रेस वाले नहीं। इस मामले में वे मानहानि का मामला दर्ज कराएंगे।



### पगड़ी पैरों में रखी, हाथ जोड़े

वीडियो विधायक 3-4 लोगों के साथ खड़े हैं। तभी उनके पास एक बुजुर्ग आता है और अपनी पगड़ी उनके पैरों में रख देता है। विधायक गुस्से में गाली देकर उसकी पगड़ी को ठोकर मारकर उछाल देते हैं। फिर बुजुर्ग खड़ा होकर अपनी जेब से एक कागज निकालकर विधायक को दिखाता है। विधायक और पास में खड़े लोग उसे कुछ कहते हैं और बाहर चले जाते हैं। पीछे से बुजुर्ग एक सोफे के पास कागज लेकर खड़ा रहता है।

### जनता का अपमान कांग्रेस को भारी पड़ेगा

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने निशाना साधते हुए कहा कि जनता का अपमान कांग्रेस को भारी पड़ेगा। राजस्थान में पगड़ी को आन-बान-शान और सम्मान माना जाता है। यह हमारी संस्कृति और परंपरा है, जिससे हर प्रदेशवासी जुड़ा हुआ है। अपने पैरों से बुजुर्ग की पगड़ी उछालते हुए बेगूं से विधायक और कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बिधूड़ी का वीडियो भले ही पुराना हो पर ऐसा अमानवीय व्यवहार अक्षम्य है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। यह वीडियो जनता के सम्मान के प्रति कांग्रेस की मानसिकता और राहुल गांधी की 'मोहब्बत की दुकान' की असलियत को दर्शाता है।

### किसान बोला- मेरी इज्जत खराब की

पीड़ित बुजुर्ग गंदेलिया निवासी किसान लॉबी राम गुर्जर ने कहा कि मैं काम करवाने गया था, लेकिन पगड़ी उछाल कर मेरी इज्जत खराब की। वहीं किसान के बेटे मुकेश गुर्जर ने कहा- वीडियो 2021 का ही है। मेरे पिता बेगूं स्थित मेनाल रिजॉर्ट में विधायक से मेरे लिए नौकरी की मांग करने गए थे, लेकिन उन्होंने मेरे पिता की पगड़ी उछाल दी।

---

**शादियों के सीजन में चुनाव,** खुशियों की शहनाई में खलल

# प्रदेश में विवाह स्थलों का अधिग्रहण करेगा आयोग

■ सामुदायिक भवनों व विवाह स्थलों पर चुनाव आयोग की नजर

**नरेन्द्र चतुर्वेदी** | बेधड़क

**जयपुर**। राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 23 नवंबर देवउठनी एकादशी से प्रदेश में शादियों का सीजन भी शुरू हो जाएगा। हजारों की तादाद में नवयुवक जोड़े परिणय सूत्र में बंधने को तैयार हैं। शादियों को लेकर लोग अब रात-दिन तैयारियों में जुटे हैं।

इस बीच चुनावी कार्यक्रम ने लोगों की मुसिबत बढ़ा दी है। दरअसल, चुनाव आयोग इस बार मतदान के लिए मैरिज गार्डनों और सामुदायिक भवनों का अधिग्रहण करने की तैयारी कर रहा है। बताया जा रहा है कि करीब एक महीने पहले ही आयोग वैवाहिक स्थलों को अपने कब्जे में ले सकता है। ऐसे में जिन लोगों के घर में शादी है, उनके लिए यह खबर परेशान करने वाली है। शादियों के सीजन में जगह को लेकर पहले ही लोगों को भटकना पड़ता था और चुनाव आयोग के इस कदम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। गौरतलब है कि आयोग की ओर से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों के लिए बड़ी संख्या में मतदानकर्मी और सुरक्षाकर्मियों की विवाह स्थलों और सामुदायिक भवनों में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में विवाह स्थल संचालक और रिसोर्ट मालिकों के पास कभी भी उनकी जगह को अधिग्रहण करने का नोटिस आ सकता है।

एक अनुमान के मुताबिक अकेले जयपुर में 15 से 20 हजार शादियां होनी हैं। वहीं शहर के करीब 2.5 हजार गार्डनों मे से 90 प्रतिशत गार्डन विवाह आयोजन के लिए बुक हो चुके हैं। ऐसे में वैवाहिक स्थलों के संचालकों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई हैं।




### 80 प्रतिशत से ज्यादा स्थल छह महीने पहले से बुक

ऑल इंडिया टेंट वेलफेयर समिति के अधयक्ष रवि जिंदल ने बताया कि पूरे राजस्थान में करीब 50 हजार गार्डन हैं। इस बार देवउठनी ग्यारस से ही लगातार बड़े और अबूझ सावे बन रहे हैं, जिनमें शादियों के लिए करीब 80 प्रतिशत से ज्यादा विवाह स्थलों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। चुकिं अब कोराना का असर लगभग खत्म हो चुका है, इसलिए इस बार शदियों में अच्छी खासी संख्या में मेहमान बुलाए जाएंगे। एक शादी के आयोजन की बात करें तो करीब 1000 से 1500 तक के मेहमान आयोजन में शरीक होते हैं। गांवों में तो ये संख्या दो से ढाई हजार तक पहुंच जाती है। ऐसे में निर्वाचन विभाग द्वारा विवाह स्थलों का अधिग्रहण करने से इतनी संख्या में मेहमानों का अरेंजमेंट करना लोगों के लिए चुनौती साबित होगा। विवाह स्थल संचालक भी निर्वाचन विभाग के खिलाफ नहीं जा पाएगा। ऐसे में दोनों पक्षों में तकरार होने की संभावना होगी और शादी जैसे खुशी के माहौल में भी टेंशन बढ़ जाएगी।

### सीकर सहित पांच जिलों में बुकिंग रद्द

प्रदेश के सीकर, भरतपुर, कोटा, बीकानेर, गांगानगर जिलें में निर्वाचन विभाग ने विवाह स्थल और सामुदायिक भवनों का अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला निवार्चन विभाग ने विवाह स्थलों की सूची बनाकर संचालकों को उनकी चाबियां तत्काल सम्बंधित जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। एक आदेश की कॉपी के मुताबिक सीकर में करीब 50 विवाह स्थलों को चिंहित कर अधिग्रहण किया गया है। बीकानेर में 150, कोटा में 20 और भरतपुर में 60 गार्डन को अधिग्रहित किया है। वहीं जयपुर में भी जल्द ही करीब 100 से ज्यादा विवाह स्थलों और सामुदायिक भवनों के अधिग्रहण की तैयारी चल रही है।

### चुनाव की बदली तारीख

भारत निर्वाचन आयोग ने पहले प्रदेश में चुनाव की तारीख 23 नवंबर कर दी थी, लेकिन 23 को देव उठनी ग्यारस होने के कारण कई सामाजिक संगठन और राजनेताओं ने इससे वोटिंग पर असर पड़ने की बात कर तारीख बदलवाने की मांग की थी। ऐसे में निर्वाचन विभाग ने चुनाव की तारीख 25 नवंबर कर दी। लेकिन अब भी विवाह होने वाले घरों में परेशानी खत्म नहीं हुई है। अब निवार्चन विभाग के इस आदेश के बाद उनके सामने फिर परेशानी खड़ी हो गई।

### होटल और रिसोर्ट की कीमत ज्यादा

इन आदेशों के बाद कुछ लोगों ने होटल और रिसोर्ट में आयोजन के लिए बात की तो विवाह के आयोजन के लिए दोगुने खर्च की बात सामने आई। जहां विवाह स्थल आमतौर पर एक लाख रुपए तक में बुक हुआ था, वहीं होटल वाले उसी आयोजन के दो से ढाई लाख तक का पर्चा थमा रहे हैं। रिसोर्ट में तो ये, खर्चा चार से पांच तक आने की संभावना जताई गई है।

### पहले स्कूल व छोटे सामुदायिक भवनों में होता था ठहराव

निर्वाचन आयोग पहले स्थानीय स्कूल और सामुदायिक भवनों में सुरक्षा कर्मी और मतदान कर्मियों के ठहरने की व्यवस्था करता था, लेकिन इस बार स्कूलों को इस व्यवसथा से दूर ही रखागया है। इसलिए ये समस्या खड़ी हो गई है। लोगों का कहना है कि निर्वाचन विभाग को अपना फैसला बदलना चाहिए।

---

**प्रदेशाध्यक्ष जोशी** ने किया स्वागत

# विश्वराज सिंह व भवानी सिंह कालवी भाजपा में शामिल

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा के चुनावों में अब कुछ ही समय बचा है। इसी बीच वीर महाराणा प्रताप के वंशज विश्वराज जीत सिंह मेवाड़ व राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष रहे लोकेन्द्र सिंह कालवी के पुत्र भवानी सिंह कालवी ने मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए हैं।

नेताओं के पार्टी में शामलि होने के बाद राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष सीपी जोशी ने उनका स्वागत किया। वहीं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश में लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। बीजेपी में शामिल होने के बाद भवानी सिंह कालवी ने भी अपनी प्रतिकिया दी। कालवी ने कहा कि बीजेपी जो भी एक टीम के नाते मुझे बताएगी और एक टीम प्लेयर की तरह मिलकर काम करेंगे और गेम जिताने की कोशिश करेंगे। इसके साथ ही विश्व राज सिंह ने कहा- मेरे पूर्वजों ने (महाराणा प्रताप) हमेशा सर्व समाज की भलाई के लिए सोचा है और इसी सोच के साथ आज मैं बीजेपी से जुड़ा हूं।




### सांवत सिंह ने भाजपा ज्वॉइन की



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष सांवत सिंह राठौड़ को झोटवाड़ा विधानसभा से विधायक प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं मंडल अध्यक्ष अनुभव शर्मा ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाकर चुनावी अभियान की शुरुआत की। सांवत सिंह राठौड़ ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर वार्ड 64 के साथ ही झोटवाड़ा विधानसभा में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बाटकर खुशी व्यक्त की। सांवत सिंह राठौड़ ने इस मौके पर कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान में जंगल राज को खत्म कर भाजपा की सरकार बनानी है।

---

**युवा जाट** महापंचायत आयोजित

# आरपीएससी सदस्य केसरी सिंह का विरोध

**बेधड़क** | जयपुर

ऑल राजस्थान जाट महासभा की ओर से बिरला ऑडिटोरियम में मंगलवार को युवा जाट महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में जाट समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय सदस्यों के साथ समाज के युवाओं की दिशा और दिशा पर चिंतन किया गया। पंचायत से जुड़े महेश मावलिया ने बताया कि महापंचायत की मुख्य मांगों में आरपीएससी के नवनियुक्त सदस्य केसरी सिंह को हटाना, ओबीसी रिजर्वेशन को 35 प्रतिशत करना और मनरेगा में एससी के साथ-साथ सभी किसानों को खेत में काम करने का नियम लागू करने, पदोन्नति में ओबीसी आरक्षण लागू करने सहित कई मांगों को लेकर यह महापंचायत बुलाई गई।

जस्सा राम चौधरी ने कहा कि आरपीएससी संवैधानिक संस्था है, इसमें सही सोच और विचार होना जरूरी है। केसरी सिंह पूर्वाग्रह के चलते वहां न्याय नहीं कर पाएंगे। किसी जाति से हमारा विरोध नहीं है, राजपूत समाज से पहले भी आरपीएससी अध्यक्ष और मेंबर रहे हैं, हमने कभी विरोध नहीं किया। हमारा विरोध केसरी सिंह की मानसिकता से है, इसलिए उन्हें उचित प्रक्रिया से हटाया जाना चहिए। किसान महापंचायत के अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा भारत कृषि प्रधान देश रहा है, लेकिन कृषि की अनदेखी के चलते किसान बर्बाद हो रहा है। जाट ने कहा कि आपने अब तक जाति, क्षेत्र दलों के आधार वोट दिए हैं, इस बार किसान बनकर वोट दें तो हालात बदल जाएंगे।

### चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक

**जयपुर**। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में विधानसभा चुनावों की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक के दौरान आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना पर जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए जाएं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची का प्रदर्शन समस्त मतदान केन्द्र पर किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने व्यापार मण्डल एसोसिएशन द्वारा तैयार किए गए कैरी बैग का विमोचन किया।

---

**प्रर्वतन निदेशालय ने चलाया सर्च अभियान**

# पेपर लीक मामले से जुड़े कोचिंग संचालकों के घर पर ईडी ने दी दबिश

■ जयपुर, नागौर, भीलवाड़ा, डीडवाना, जायल में छापेमारी

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक मामले को लेकर ईडी ने मंगलवार को प्रदेश में कई जगह पर दबिश दी है। ईडी की राजस्थान और दिल्ली की टीम ने मंगलवार सुबह जयपुर, नागौर व भीलवाड़ा, डीडवाना, जायल में 10 से ज्यादा ठिकानों पर सर्च शुरू किया है।

टीम ने जयपुर में विद्याधर नगर में सेंट्रल स्पाइन स्थित सीए नरेंद्र कालेर के आवास और कलाम कोचिंग पर सर्च किया गया। गौरतलब है कि पेपर लीक प्रकरण में भूपेंद्र सारण को ईडी ने कुछ दिन पहले ही हिरासत में लिया था। उसके बाद ही आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और सारण के जुड़े हुए लोगों पर ईडी छापे मार रही है। मंगलवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान ईडी की ओर से कई बेनामी संपत्तियों का अटैच किया गया। जानकारी के अनुसार सर्च ऑपरेशन में कुछ कोचिंग संस्थान के मालिक और पेपर खरीदने वाले अभ्यर्थियों के ठिकानों पर जांच की जा रही है। प्रदेश भर में ईडी की करवाई में 150 से अधिक ईडी के अधिकारी और केंद्रीय सुरक्षा बल के सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।




### इन जगहों पर चला सर्च अभियान

जयपुर के अलावा नागौर के चकढाणी गांव और डीडवाना के खारिया गांव में ईडी की टीम ने सर्च अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार चकढाणी गांव में यजवेंद्र जांगिड़ पुत्र खेताराम जांगिड़ के मकान पर सर्च किया गया। सूत्रों के अनुसार यजवेंद्र पत्नी को कलाम कोचिंग में पार्टनर बताया जा रहा है। कलाम कोचिंग प्रदेश के बड़े नेता के बेटे की बताई जा रही है। सर्च के दौरान ईडी के अधिकारियों को यजवेंद्र ने खजवाना में करीब 70 बीघा जमीन खरीदी है।

ऐसे में इन सभी मामलों के तार आपस में जोड़ते हुए ईडी की टीम चकढाणी स्थित आवास पर पहुंची। यजवेंद्र खुद ग्रेड थर्ड टीचर हैं। उसकी चकढाणी के पास ही खिंयास गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पोस्टिंग है। यजवेंद्र पिछले 3 साल से जयपुर शाला दर्पण में डेपुटेशन पर लगा हुआ है। यजवेंद्र के पिता खेताराम जांगिड़ भी चकढाणी के नजदीक ही पुनास गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

### पेपर खरीदने वालों पर भी होगी कार्रवाई

पेपर लीक मामले में आरपीएससी के सदस्य बाबूलाल कटारा और आरोपी भूपेंद्र सारण से पूछताछ के बाद ईडी ने जांच का दायरा बढ़ा दिया था। इससे पहले भी ईडी ने दिनेश खोड़निया, अशोक जैन और सुरेश ढाका की मित्र प्रेरणा चौधरी के यहां सर्च अभियान चलाया था। ईडी इस दौरान कई अवैध संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। वहीं 24 लाख रुपए नकद भी मिले थे। ईडी की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 8 से 10 लाख रुपए में पेपर लेने वाले कुछ लोग कोचिंग संचालक भी थे। इन कोचिंग संचालकों ने बड़ी संख्या में छात्रों को पेपर दिया, जिसके लिए इन कोचिंग संचालकों ने पैसा लिया है।

## आज मां कुष्मांडा की आराधना



**नवरात्र** के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। कुष्मांडा देवी को ब्रह्मांड की आदिशक्ति माना जाता है। मां दुर्गा के सभी स्वरूपों में मां कुष्मांडा का स्वरूप सबसे उग्र माना गया है। मां कुष्मांडा सूर्य के समान तेज देती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब संपूर्ण संसार में अंधकार का छा गया था, तब मां कुष्मांडा ने अपनी मधुर मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। माना जाता है कि कुष्मांडा माता की पूजा करने से बुद्धि में वृद्धि होती है। देवी कुष्मांडा की विधिपूर्वक पूजा करने के बाद उनकी आरती के साथ पूजा समाप्त होनी चाहिए।

### इस मंत्र का जाप करें

*या देवी सर्वभूतेषु मां कुष्मांडा रूपेण संस्थिता।*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः*

## राजस्थान विश्वविद्यालय सिंडिकेट ने दी 81 सहायक आचार्यों को चुनाव लड़ने की एनओसी

# चुनाव में ड्यूटी लगी तो बचने के लिए प्रत्याशी के रूप में ठोक दी ताल

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों में लगाई गई ड्यूटी हटवाने के लिए कई तरह के बहाने बनाए जा रहे हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने इसका अलग ही हल निकाला है। चुनाव में ड्यूटी लगे हुए शिक्षक अब विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। मंगलवार को आरयू में हुई सिंडिकेट बैठक में 81 शिक्षकों को चुनाव लड़ने की एनओसी दे दी गई है। हालांकि, प्रोफेसरों का कहना है कि उन्होंने अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए चुनाव लड़ने की इजाजत ली है। गौरतलब है कि राजस्थान यूनिवर्सिटी के करीब 200 शैक्षणिक और अशैक्षणिक कर्मचारियों की बीएलओ से लेकर पीठासीन अधिकारी के पद पर ड्यूटी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लगाई थी। ड्यूटी लगने बाद से ही कर्मचारियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था और तत्कालीन कुलपति भी ड्यूटी निरस्त करने को लेकर पत्र लिख चुके थे। ऐसे में अब देखन यह होगा कि इतनी संख्या में प्रोफेसर कौनसी विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे।




### सिंडिकेट मीटिंग में जारी हुई एनओसी

81 सहायक प्रोफेसरों ने चुनाव लड़ने के लिए कुलपति राजस्थान यूनिवर्सिटी से एनओसी मांगी थी। मंगलवार को हुई सिंडिकेट बैठक में कुलपति अल्पना कटेजा ने अनुमति दी है। सिंडिकेट ने कुलाधिपति द्वारा प्रदत्त राजनीतिक अधिकारों और विश्वविद्यालय अध्यादेश 384-ए नियम के तहत एनओसी दी है। जानकारी के अनुसार चुनाव में ड्यूटी हटने के बाद अधिकतर शिक्षक विधानसभा सीट मालवीय नगर से चुनाव लड़ सकते हैं।

### पहले भी लड़ा था कई शिक्षकों ने चुनाव

विधानसभा चुनावो में पहले भी कई शिक्षक एनओसी लेकर राजनीती में भाग्य आजमा चुके हैं और कई तो सफल भी हुए। राजस्थान विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर रहे सांवरमल जाट ने अजमेर के नसीराबाद से पहला विधानसभा चुनाव जीता था। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी भी नाथद्वारा से वर्तमान विधायक हैं। पिछले चुनाव में आरयू से प्रोफेसर विनोद शर्मा, प्रोफेसर चतुर्भुज यादव, प्रोफेसर महिपाल सिहाग, प्रोफेसर गजेंद्र सिहाग ने एनओसी ली थी। इस बार चतुर्भुज यादव चौमूं विधानसभा सीट, वीरेंद्र यादव मंडावर, गजेंद्र सिंह अलवर की रामगढ़ से और संजय सिंह पिलानी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है।

> विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग करके ही हम चुनावी मैदान में उतरे हैं। विश्वविद्यालय के ही एक्ट 384 ए के तहत हमको चुनाव लड़ने का अधिकार दिया गया है। अपनी विधानसभा सीटों को लेकर जल्द ही घोषणा करेंगे।
>
> **संजय कुमार,** अध्यक्ष रूटा

## नवरात्र से आया बूम, दिवाली तक टूटेंगे खरीदारी के रिकॉर्ड

# आया त्योहार! ...तो गुलजार हुए गुलाबी नगरी के बाजार

### लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर ऑनलाइन को मात देने के लिए व्यापारी ला रहे ग्राहकों के लिए ऑफर

**बेधड़क** | जयपुर

नवरात्र की शुरुआत के साथ ही राजधानी के बाजार भी सजने लग गए है। इस बार बन रहे खरीदारी के विशेष योगों को देखते हुए बाजारों में व्यापारियों ने भी पूरी तैयारी कर ली है। होलसेल बाजार में खरीदारी जोरों पर शुरू हो चुकी है, जबकि रिटेल बाजार में दुकानें सज चुकी है। व्यापारियों की मानें तो इस बार लोकल बाजारों में पिछली बार की तुलना में अच्छी खरीदारी के आसार हैं। साथ ही स्थानीय ग्राहक ऑनलाइन के बजाए लोकल फॉर वोकल को समर्थन देते हुए स्थानीय बाजारों में अभी से ही बुकिंग करा रहे हैं तो स्थानीय बाजार भी अपने ग्राहकों के लिए तरह-तरह की स्कीम ले कर आ रहे है। सबसे ज्यादा भीड़ इलेक्टोनिक्स बाजारों में देखने को मिल रही है। साथ ही कपड़ा मार्केट, ज्वेलरी शॉप पर भी लोग नजर आ रहे है। आगामी धनतेरस, दीपावली, देवउठानी एकादशी सहित छठ जैसे महापर्व के लिए कंपनियों ने भी अभी से पूरी तैयारी कर रखी है। दीपावली और छठ पर बड़े क्षेत्रों में ऑटोमोबाइल्स, सोना-चांदी के आभूषण, मकान, फर्नीचर, बर्तन, पेंट, डिस्टेंपर और कपड़ों की बिक्री सर्वाधिक रहती है।




### जमा किया स्टॉक

शारदीय नवरात्र के शुरू होने के साथ ही बाजार में खरीदारी शुरू होने लग गई है। व्यापारियों की मानें तो सीजन की शुरुआत में ही ग्राहकों की आवक को देखते हुए बाजार में आने वाले त्योहारों के लिए व्यापारियों ने स्टॉक कर लिया है। शहर के कपड़ा बाजार से लेकर ज्वैलरी मार्केट सजकर तैयार हैं। बर्तन, किराना, ड्रायफ्रूट्स की दुकानें भी सजकर तैयार हो गए हैं।

### अच्छे कारोबार की उम्मीद

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल का कहना है कि नवरात्र व त्योहारों को लेकर बाजार पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। पिछले साल की तुलना में इस बार बाजार में 30 से 35 फीसदी अधिक कारोबार होने की उम्मीद है। वहीं सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी के अध्यक्ष कैलाश मित्तल का कहना है कि ज्वेलरी में अभी से ही दिवाली के ऑर्डर आने शुरू हो गए हैं। बाजार में गोल्ड की लाइट वेट की नई डिजायन की ज्वेलरी की अधिक डिमांड आ रही है। इस बार उम्मीद है कि कारोबार अधिक गति पकड़ेगा। ज्वेलरी की बात करें तो पिछले साल की तुलना में इस बार 20 फीसदी अधिक कारोबार होने की उम्मीद है।

> नवरात्र के साथ ही बाजार में खरीदारी के विशेष संयोग बन रहे है। विभिन्न योग—संयोग में खरीदारी सुख-समृद्धि लेकर आएंगी। धनतेरस से पहले ही बाजार में इन शुभ संयोग में धनवर्षा होगी। नवरात्र से दीवाली तक खरीदारी के लिए रवि योग, पुष्य योग, सवार्थ सिद्ध योग, द्वि पुष्कर-त्रिपुष्कर योग आएंगे जो कि खरीदारी के लिए सर्वोत्तम होते हैं।
>
> **आयार्च युगल किशोर शर्मा,** ज्योतिषाचार्य।

> पिछले सालों कोरोना, आर्थिक मंदी जैसे कई कारणों कारण व्यापार मंद रहा था, लेकिन इस साल चुनावी माहौल में व्यापार भी गति पकड़ने के आसार है। शादियों की खरीदारी के लिए लोग बाजार में आ रहे हैं। लोग ऑनलाइन की जगह स्थानीय बाजारों को ज्यादा वेटेज दे रहे हैं।
>
> **सोहन शर्मा,** व्यापारी पुरोहित जी का कटला

## सयुंक्त अभियान में कार्रवाई

# अमृत और डेरी शुभम ब्रांड का 1130 लीटर मिलावटी घी पकड़ा



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग और सीएमएचओ ने घी के विभिन्न ब्रांडों में मिलावट पाए जाने पर कई जगहों पर कार्रवाई करते हुए 1130 लीटर मिलावटी घी जब्त किया है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान शिव मदन नकाते और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विजय सिंह फौजदार के निर्देशन में अमृत ब्रांड और डेरी शुभम नाम के ब्रांड पर कार्रवाई की। टीम ने सयुंक्त अभियान चलाकर बनीपार्क स्थित दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी, छोटी चौपड़ स्थित महेश्वरी स्टोर फर्म और सोडाला स्थित बी एच किराना स्टोर और सौखिया ट्रेडर्स पर यह कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि त्योहारी सीजन पर मिलावट के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभाग को सूचना मिली कि शहर में कई स्थानों पर मिलावटी घी बेचा जा रहा है। ऐसे में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर कई जगहों पर कार्रवाई की।

इस दौरान 1130 लीटर घी अमृत ब्रांड ओर डेरी शुभम को जब्त किया। शेष घी को सीज कर दिया है और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत नमूने लेकर जांच के लिए भेजा है। पूछताछ में पता चला कि अमृत घी पंजाब से और घी डेरी शुभम अहमदाबाद गुजरात से इस फर्म ने खरीदा है। ऐसे में अधिनियम के नियम अनुसार फर्म को भी मौके पर नोटिस जारी किया है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार, रतन सिंह गोदारा, नरेंद्र शर्मा, पवन कुमार गुप्ता और सहायक पुखराज शामिल रहे।

### जरूरी खबर

## क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते 20 गिरफ्तार



**जयपुर**। राजधानी में ज्योति नगर थाना पुलिस ने सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपीयों के पास से 42910 रुपए, 32 मोबाइल,तीन वाहन और करोड़ों रुपए का हिसाब बरामद किया है। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हरियाणा, भीलवाड़ा, नागौर और जयपुर के रहने वाले है। आरोपी लोगों से पैसे लेकर ऑनलाइन आईडी बनाते थे और क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते थे। आरोपी बड़ौदा और जम्मू के क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे थे। आरोपियों से अशोक नगर थाना पुलिस पूछताछ कर रही है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## मौसम में बदलाव से खांसी-जुकाम की शिकायत

# दिनभर छाए रहे बादल, ठंडी हवाओं ने कराया गुलाबी सर्दी का अहसास

**बेधड़क** | जयपुर

पश्चिमी विक्षोभ के कारण पिछले दो दिन से हो रहे मौसम में बदलाव के कारण राजधानी में मंगलवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। वहीं, शहर में दिन भर बादल छाए रहने और ठंडी हवा चलने से लोगों को भी गुलाबी ठंड का एहसास हो गया।

ठंड बढ़ने से लोगों ने छोटे बच्चों को एतिहात सुबह गर्म कपड़े पहना दिए। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि मंगलवार को जयपुर और आसपास के इलाके में हल्की बारिश हुई है।

इनमें जोबनेर, फुलेरा, कुचामन, नावां और नागौर इलाके में करीब आधा घंटा बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन सर्दी बढ़ने के आसार है। जयपुर में अधिकतम पारा 34.8 रहा तो रात का तापमान गिरकर 20.2 डिग्री सेल्सियस आ गया। वहीं, बारिश होने से एकाएक हुए मौसम में परिवर्तन के कारण छोटे बच्चों में वायरल बुखार के केस में बढ़ोतरी होने लग गई।

अस्पतालों में सुबह से ही बच्चों को दिखाने की भीड़ लगी रही। चिकित्सकों ने बताया कि मौसम में बदलाव की वजह से एकाएक बच्चों में बुखार और खांसी-जुकाम की समस्या हुई है। इसलिए बच्चों की इम्यूनिटी बढाने वाले तत्व खिलाना चाहिए। वायरल होने पर चिकित्सक से परामर्श के बाद ही दवा लेनी चाहिए।

## जलने से पहले गल न जाए 'दशानन'



*जयपुर। मौसम विभाग की चेतावनी के बाद मेट्रो स्टेशन स्थित रावण मंडी के कलाकार चिंतित हैं। बरसात की संभावना को देखते हुए उन्होंने रावण के पुतले बनाने का काम बंद कर दिया है। इसके साथ ही जो रावण के पुतले बनकर तैयार हैं, उनको बरसात से बचाने के जतन शुरू कर दिया। इसके लिए अधिकांश रावण के पुतलों को मेट्रो स्टेशन के नीचे एवं पॉलिथीन से ढंका जा रहा है।*
*-फोटो: राजेश कुमावत*

## शिकंजा: 17 दिन में दो करोड़ 77 लाख का राजस्व वसूला

# 'सिग्नेचर' का ट्रक जब्त, 47 लाख रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी

**बेधड़क** | जयपुर

चुनावी माहौल की आड़ में बिना बिल व पर्याप्त दस्तावेज के हो रहे माल के परिवहन के खिलाफ राज्य सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग-एसजीएसटी और केन्द्र सरकार के माल व सेवाकर विभाग-सीजीएसटी ने प्रदेश भर में मोर्चा खोल रखा है।

पिछले एक सप्ताह में दोनों ही विभागों ने सैकड़ों की संख्या में बिना ई-वे बिल व अपर्याप्त दस्तावेज के परिवहनित हो रहे सामान पर कार्रवाई कर लाखों रुपए की राजस्व वसूली भी की है। राज्य में चुनाव अधिसूचना की घोषणा से पूर्व ही केन्द्र सरकार का माल व सेवाकर-सीजीएसटी विभाग की एंटी-इवेजन इकाई सक्रिय है। सीजीएसटी अधिकारियों ने अपना पूरा फोकस उन वस्तुओं पर किया हैं, जिनमें सर्वाधिक जीएसटी चोरी की संभावना है। सीजीएसटी के स्टेच्यू सर्किल स्थित मुख्यालय पर पकड़े गए ट्रकों की आवाजाही जारी है।



### पांच दिन में एक बस सहित 45 वाहन जब्त

राज्य सरकार का वाणिज्यिक कर विभाग-एसजीएसटी भी चुनाव के दौरान मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्री और बिना दस्तावेज माल के परिवहन पर शिकंजा कसे हुए है। विभाग की एनफोर्समेंट टीमों ने राज्य भर में माल की आवाजाही पर नजरें गड़ाई हैं। सूत्रों का कहना है कि एसजीएसटी ने एक अक्टूबर से अब तक 327 वाहनों को जब्त कर दो करोड़ 77 लाख रुपए का राजस्व भी वसूल कर लिया है। विभाग के झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की स्थिति तो यह है कि इस कार्यालय के बाहर जब्त वाहनों की कतारें लगी है, जबकि विभाग के अम्बेडकर सर्किल स्थित मुख्यालय परिसर का भी कमोबेश यही हाल है। सूत्र बताते हैं कि जयपुर की एनफोर्समेंट टीमों ने गत 5 दिनों में अवैधानिक रूप से माल ले जाती एक बस सहित करीब 45 वाहन जब्त किए हैं, जिनमें से कुछ झालाना और कुछ मुख्यालय परिसर में खड़े हैं। इन सभी वाहनों में रखे माल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और नियमानुसार राजस्व और जुर्माने की वसूली होगी।

### दिल्ली से तेलंगाना जा रहा था माल

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मंगलवार को यहां दिलबाग समूह के फ्लैगशिप ब्रांड पान मसाला 'सिग्नेचर' से लदा ट्रक नम्बर HR38A-D8540 खड़ा नजर आया। इस ट्रक को बिना ई-वे बिल परिवहनित करते जयपुर में 200 फीट बाईपास पर पकड़ा था। बताया जाता है कि ट्रक चालक ने यह माल दिल्ली से तेलंगाना ले जाना बताया, लेकिन उसके पास माल के परिवहन का सबसे आवश्यक दस्तावेज ई-वे बिल ही नहीं था। जांच में ट्रक चालक के पास मिले बिल में माल के मूल्य व वजन के बारे में भी कोई जानकारी नहीं थी। सूत्रों का कहना है कि इस ट्रक में 110 बॉक्स सिग्नेचर पान मसाले के लदे हैं, जिनका मूल्य करीब 90 लाख रुपए होता है। पकड़े जाने के बाद दिल्ली की सतनाम एंटरप्राइजेज ने माल पर अपना दावा किया है, जिसकी जांच के बाद इस माल से करीब 47 लाख रुपए जीएसटी और 47 लाख जुर्माने की वसूली होगी।

## जरूरी खबर

### श्रीकरणी कोट में सायर माता प्रतिमा स्थापना 21 को



**सीकर।** जिले के दांतारामगढ़ स्थित श्रीकरणी कोट में सायर मां के समाधि स्थल पर प्रतिमा स्थापना समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इसके लिए 21 अक्टूबर को हवन और रात्रि जागरण होगा। वहीं, अगले दिन 22 अक्टूबर को प्रतिम स्थापना और विशेष आरती होगी। श्रीकरणी कोट धाम के बलवीर सिंह ने बताया कि चारण वंश की किनियां शाखा में 10वीं पीढ़ी में सुआप गांव में करणी माता का अवतार हुआ था। जबकि 24वीं पीढ़ी में चारणवास में सायर मां का अवतरण हुआ था।

### हाईटेंशन का तार गिरने से किसान की मौत

**धौलपुर।** बसेड़ी थाना क्षेत्र के भुम्मा का नगला गांव में मंगलवार सुबह बाजरे की फसल काट रहे किसान के ऊपर हाई टेंशन लाइन का तार गिर गया। इसके चलते करंट की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही झुलसकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय किसान गिर्राज पुत्र मंगल सिंह ठाकुर सुबह खेतों में बाजरे की फसल काटने गया था। खेत में गुजर रही हाईटेंशन लाइन के नीचे किसान बाजरे की फसल काट रहा था। हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने के बाद तार टूट कर किसान पर गिर गया। इसके चलते उसकी मौत हो गई। परिजनों ने विद्युत निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं मृतक किसान के परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

### 'एक शाम माता रानी के नाम' भजन संध्या झूमे भक्त



**टोंक।** श्रीशिव राधा-कृष्ण मंदिर महावर नगर छावनी में कोली समाज की ओर से 'एक शाम माता रानी के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोली समाज के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार महावर ने बताया कि कंकाली माता मंदिर के पुजारी दुर्गालाल पुरी द्वारा माता रानी की पूजा कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर फूलों से माता रानी मनोहारी दरबार सजाया गया। बूंदी के मुश्ताक भाई, चित्तौड़गढ़ के संजय मारवाड़ी व डबल रंगीला ने माता रानी के भजनों की प्रस्तुतियां दी। समाज के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार महावर का साफा बंधवाकर स्वागत किया गया।

**कृपाल जघीना का बेटा भी गिरफ्तार, क्षेत्र में अपना दबदबा जमाने व** किसी वारदात को अंजाम देने की थी साजिश

# मां बगुलामुखी दरबार चलाने वाले महंत को हथियार सहित धरा

**बेधड़क** | भरतपुर

मां बगलामुखी दरबार के महंत अमित शर्मा और कृपाल जघीना के बेटे आदित्य को डीएसटी और कोतवाली थाना पुलिस ने हथियारों के साथ धरदबोचा। आदित्य को महंत की ओर से ही हथियार उपलब्ध कराने की बात सामने आई है। डीएसटी व पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी आदित्य से देसी कट्टा और महंत से कारतूस बरामद किए।

आदित्य इस अवैध हथियार के दम पर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। गौरतलब है कि पूर्व में आदित्य को पुलिस की ओर से न्यायालय में पेश की गई चार्जशीट में क्लीनचिट दी गई थी। पुलिस ने यह एक रणनीति के तहत उस पर पकड़ मजबूत बनाने के लिए किया था। पुलिस से मिली जानकारी में सामने आया है कि महंत अमित शर्मा के खिलाफ भी पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। भरतपुर पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि डीएसटी टीम और कोतवाली थाना पुलिस ने कृपाल के बेटे आदित्य को अवैध कट्टा और दो कारतूस के साथ रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी आदित्य ने बताया कि उसे



यह अवैध हथियार मां बगलामुखी का गुप्त दरबार लगाने वाले महंत अमित शर्मा उर्फ मोनू किला ने उपलब्ध कराया था।

इसके बाद पुलिस ने महंत अमित शर्मा को किला स्थित बांके बिहारी मंदिर के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई तो दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। कच्छावा ने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि इन आरोपियों ने कुछ लोगों को अपना निशाना बनाने के लिए चिह्नित भी किया था। फिलहाल मामले में और पड़ताल की जा रही है।

#### जघीना हत्याकांड में भी है आदित्य की भूमिका

एसपी कच्छावा ने बताया कि कुलदीप जघीना हत्याकांड में भी सीओ भुसावर जांच कर रहे हैं। इसमें आदित्य का स्पष्ट रूप से रोल सामने आया है। इसमें में भी आदित्य पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी कच्छावा ने बताया कि बीते दिनों न्यायालय में पेश की गई चार्ज शीट में कृपाल के बेटे आदित्य को क्लीन चिट दी गई थी, लेकिन यह सब रणनीति के तहत किया गया था ताकि इस पर पकड़ को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि अजमेर जेल से मिले इनपुट से पता चला है कि कुलदीप हत्याकांड को अंजाम देने वाली गैंग भी दो फाड़ हो गई है। गैंग में आपसी झगड़ा चल रहा है।

#### महंत की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए महंत अमित शर्मा शहर के किला क्षेत्र में मां बगलामुखी का गुप्त दरबार चलाता था। उसके खिलाफ पूर्व में भी 4-5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी ने कहा कि महंत अमित शर्मा की पृष्ठभूमि आपराधिक रही है। अब पुलिस महंत की हिस्ट्रीसीट भी खोलेगी। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी महंत ने यह अवैध हथियार मथुरा निवासी अपने एक चेले से लिया था। एसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पूरी क्रिमिनल चेन का पता लगाया जाएगा और सभी को मामले में आरोपी बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

**आगे बदमाश पीछे भागती पुलिस** और गोलियों की गूंज से सहमे लोग

# DST टीम और तस्करों के बीच फायरिंग में एक तस्कर की मौत

**बेधड़क** | पाली

जिले के खिंवाड़ा थाना क्षेत्र में दीवेर नाल का इलाका गोलियों की गूंज से दहल उठा। आगे-आगे तस्कर और उनके पीछे सरपट दौड़ती डीएसटी (डिस्ट्रिट स्पेशल टीम) की गाड़ी को देखकर एक बारगी हर कोई सकते में आ गया। इस दौरान तस्करों ने डीएसटी टीम पर ताबड़तोड़ गोलियां दाग दी। जवाबी कार्रवाई में टीम की ओर से भी फायरिंग की गई।

ऐसे में सड़क पर गोलियों के धमाकों से लोग सहम उठे। उधर तस्कर बचने के लिए टीम पर लगातार फायरिंग करते हुए भागते रहे, लेकिन टीम से वे बच नहीं सके। मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर की गोली लगने से मौत हो गई वहीं उसका एक अन्य साथी फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे पुलिस और मादक पदार्थ तस्करों के बीच मुठभेड़ हुई थी। डीएसटी टीम की ओर से तस्करों पर की गई जवाबी फायरिंग में जोधपुर के सरनाडा फिटकासनी निवासी तस्कर सुभाष बाबल उर्फ मेवाड़ा को गोली लगी। उसे नाडोल सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

उसका शव पाली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। वहीं मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर फरार हो गया। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने घटना स्थल का मुआयना किया। एफएसएल की टीम ने मौके से तस्कर की पिस्तोल सहित कई महत्वपूर्ण सबूत जुटाए हैं।



#### डीएसटी टीम कर रही थी पीछा

पुलिस के अनुसार राजसमंद डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि एसयूवी में दो तस्कर डोडा-पोस्त लेकर जा रहे हैं। इस पर डीएसटी टीम प्रभारी केसाराम के नेतृत्व में नाकाबंदी करवाई गई। जैसे ही तस्करों की एसयूवी राजसमंद पहुंची तो उन्हें रुकने का इशारा किया गया, लेकिन तस्कर पाली की तरफ भाग निकले।

#### एसयूवी और डोडा-पोस्त बरामद

पुलिस ने एसयूवी कार और डोडा पोस्त को जब्त कर लिया। इसके साथ ही पूरे इलाके को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। मौके से शॉट गन और पिस्तौल के साथ एक बैग भी मिला है। घटना की जानकारी के बाद पाली एसपी गगनदीप सिंगला और राजसमंद एसपी सुधीर जोशी मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच कर रही है कि तस्कर कहां से आ रहे थे और डोडा-पोस्त कहां से ला रहे थे।

#### शॉटगन और पिस्तौल से किए फायर

तस्करों ने 12 बोर शॉट गन से 50 से ज्यादा और पिस्तौल से करीब 4 राउंड फायर किए। पाली के दीवेर नाल में जब तस्करों को लगा कि पंचर गाड़ी अब ज्यादा नहीं दौड़ सकती तो थाना क्षेत्र के खीमज माता मंदिर के पास गाड़ी छोड़कर भागने लगे। भागते समय एक तस्कर ने फायरिंग शुरू कर दी। इस पर डीएसटी टीम की ओर से करीब 3 से 4 राउंड फायर किए गए। जवाबी फायरिंग में गोली तस्कर सुभाष बाबल को लगी। कार्रवाई राजसमंद डीएसटी टीम की ओर से की गई थी। फायरिंग पाली जिले में हुई।

#### पंचर के बाद भी दौड़ाई एसयूवी



तस्करों के भागने के बाद डीएसटी टीम ने उनका पीछा किया तो नाकाबंदी के दौरान तस्करों की गाड़ी के तीन टायर पंचर हो गए। इसके बाद भी दोनों तस्कर पंचर हुई एसयूवी को राजसमंद से लेकर पाली बॉर्डर तक चार किलोमीटर तक दौड़ाते हुए ले गए। इस बीच तस्करों ने डीएसटी टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। राजसमंद से लेकर पाली बॉर्डर तक दोनों तस्कर लगातार फायर करते रहे।

**रुपए दोगुना करने** का देता था झांसा

## 29 लाख के नकली नोट बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**बेधड़क** | हनुमानगढ़



जिले की टाउन थाना पुलिस ने 29 लाख के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया सुखा सिंह जाली करेंसी चलाने वाली गैंग का सदस्य हैं। यह गैंग लोगों को नोट दोगुने करने का झांसा देकर असली की जगह नकली नोट देकर ठगने काम करती है। आरोपी के पास से 29 लाख से ज्यादा चिल्ड्रन बैंक लिखे नकली नोट, सफेद कागज की पांच गाड़ियां, स्टेशनरी, एक साइड छपे 25 नोट सहित असली 4200 रुपए बरामद हुए हैं।

आरोपी ने गैंग में शामिल अन्य कई सदस्यों नाम भी बताए हैं, जिन्हें नामजद किया गया है। इस कार्रवाई में खास बात यह रही कि पूरी कार्रवाई बीकानेर पुलिस के इनपुट पर हुई है। स्थानीय स्तर पर नकली नोटों को इधर-उधर करने का काम बड़ी गैंग कर रही थी, लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी। टाउन सीआई ने बताया कि बीकानेर पुलिस ने जिला पुलिस कप्तान डॉ. राजीव पचार को नकली नोट गिरोह के इनपुट दिए थे।

इसके बाद एसपी के निर्देशन में टाउन थाना स्तर पर टीम गठित की गई। इनपुट के आधार पर एक मकान की घेराबंदी कर गैंग के एक सदस्य को पकड़ा गया। इसने अपने कई साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं।

#### 500, 200, 100 और 50 के बनाए नोट

टाउन सीआई वेदपाल श्योराण ने बताया कि पकड़े गए गिरोह के सदस्य सूखा सिंह (27) पुत्र मलकीत सिंह निवासी पन्नीवाली पीएस टिब्बी के पास से एक बैग, 29 लाख 70 हजार 200 रुपए के नकली नोट, स्टेशनरी, एक साइड से छपे हुए 25 नोट और 4200 रुपए असली नोट बरामद हुए हैं। नकली नोटों में 500, 200, 100 और 50 रुपए की करेंसी शामिल है।

**20 गांवों के पंच पटेलों ने किया** बसपा प्रत्याशी मीना का अभिनंदन

## डांग क्षेत्र के कई गांव अब भी अभाव ग्रस्त

**बेधड़क** | करौली

गांव बझेड़ा की जाटव बस्ती में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 20 गांवों के पंच पटेलों ने बसपा प्रत्याशी एडवोकेट रविन्द्र मीना का 51 किलो फूलों की माला और 51 मीटर लंबा साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

इस दौरान सभी लोगों से रविन्द्र मीना ने हाथ जोड़कर समर्थन मांगा। बझेड़ा की पूर्व सरपंच प्रेमलता मीना और बसपा पदाधिकारियों तथा पंच पटेलों का भी सम्मान किया गया। बसपा प्रत्याशी रविन्द्र मीना ने कहा कि करौली विधानसभा क्षेत्र मे विकास की अत्यंत आवश्यकता है। डांग क्षेत्र मे कई गांव तो ऐसे हैं, जहां पानी, बिजली, सड़क, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी नितांत अभाव है।



करौली रोजगार और पर्यटन के क्षेत्र में भी पिछड़ा हुआ है। जाहिर है करौली को एक उच्च शिक्षित और विकास के जानकार नेतृत्व की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि कि करौली की जनता ने उन्हें समर्थन दिया तो वे क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान मौजूद सभी लोगों ने हाथ उठाकर उनके समर्थन का ऐलान किया। इस मौके पर बसपा के जिला मुख्य प्रभारी दौलत सिंह, जिला प्रभारी शिवसिंह जाटव, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार सैनी, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी श्याम बौद्ध, बनवारी लाल मीना, पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार कोटरा, सुमंत मीना, भूरा दीपपुरा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

स्वागत सम्मान करने वालों में रामधन सिघान, रामराज जाटव, लखन सिंह, भौरू सिंह, शिवसिंह, सुरेश, राधे, रामचरण, मुंशीलाल, कल्याण सिंह बोरियापुरा आदि कई लोग शामिल थे।

**कार्रवाई आगे नहीं बढ़ने से** ग्रामीणों ने दिखाया रोष

## अभिषेक हत्याकांड की जांच से नाखुश लोगों ने थाने को घेरा

**बेधड़क** | सवाईमाधोपुर

जिले के चौथ का बरवाड़ा में पिछले दिनों हुए अभिषेक हत्याकांड में मंगलवार को उस समय फिर बबाल मच गया जब मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने थाने का घेराव कर दिया। पुलिस पर जांच में शिथिलता बरतने का आरोप लगाते हुए थाने का घराव कर दिया।

लोगों का आरोप था कि पुलिस अभिषेक हत्याकांड मामले में पारदर्शिता पूर्ण कार्रवाई नहीं की जा रही। विगत 27 सितंबर को अभिषेक गुर्जर की आरोपियों ने



निर्मम हत्या कर दी थी। इस मामले में संलिप्त तीन आरोपियों को भी परिजनों ने ही पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। उसके बावजूद पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से साठ-गांठ कर मामले को पूरी तरह से अंजाम तक नहीं पहुंचा रही। लोगों का आरोप है कि जांच प्रक्रिया से उन्हें दूर रखा जा रहा है। मामले में कार्रवाई की जानकारी भी उन्हें नहीं दी जा रही। पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ।

**बॉलीवुड फिल्म से लिया बचने का तरीका**

# डॉक्टर ने क्राइम शो देख कर रची बैंक लूट की साजिश

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के किशनगढ़ में इंडियन बैंक लूटकांड में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में पकड़े गए डॉक्टर ने वारदात को अंजाम देने के लिए एक हजार से ज्यादा क्राइम शो के एपिसोड देखे और फिर दोस्त के साथ मिलकर बैंक लूट की साजिश रची। इतना ही नहीं पुलिस से बचने का तरीका भी उसने दृष्यम फिल्म से लिया।

इसके लिए फिल्म को तीन बार देखा। हालांकि आरोपी की यह शातिर चाल कामयाब नहीं हो सकी और वह साथी सहित पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बताया जा रहा है कि आरोपी डॉक्टर कमलेश नशे का आदी है और कर्ज में डूबा हुआ



था। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि डॉक्टर ने क्राइम शो के एपिसोड देखकर देखकर बैंक लूट का प्लान बनाया।

वहीं बॉलीवुड फिल्म दृश्यम देखकर पुलिस से बचने का तरीका भी खोज लिया। । अजमेर एसपी चूनाराम जाट ने बताया कि आरोपी डॉक्टर कमलेश ने अपने साथी प्रेम सिंह के साथ मिलकर 7 अक्टूबर को किशनगढ़ के मदनगंज थाना क्षेत्र में स्थित इंडियन बैंक में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। बैंक स्टॉफ और ग्राहकों को बंधक बनाकर दोनों आरोपी महज पांच मिनट में 3 लाख 76 हजार 130 रुपए लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सात दिन बाद ही आरोपी डॉक्टर कमलेश निवासी बापूनगर सुंदर विलास अजमेर शहर और प्रेम सिंह (27) निवासी काजीपुरा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनके पास से लूट के 1 लाख 76 हजार, 2 नकली पिस्तौल और डायनामाइट पुलिस ने बरामद किया है।

#### यूक्रेन से की एमबीबीएस की पढ़ाई

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी कमलेश यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद डॉक्टर बना था। सालभर पहले उसने पाली में एक अस्पताल खोला। इसके लिए करीब 12 लाख रुपए का लोन लिया था। इसके चलते वह कर्ज में डूब गया। ऐसे में उसने करीब 6 महीने पहले बैंक लूट का प्लान बनाया और इस काम में उसने नशे की दवाई पहुंचाने वाले अपने दोस्त प्रेमसिंह को भी शामिल कर लिया। खास बात ये है कि आरोपी डॉक्टर ने 6 महीने में एक हजार से ज्यादा क्राइम शो के एपिसोड देखे, ताकि बैंक लूट का आइडिया मिल सके। इन्हीं शो से उसे नकली पिस्तौल व डायनामाइट का आइडिया मिला और फिर बैंक में लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने जब उसका मोबाइल खंगाला तो क्राइम एपिसोड की सीरीज हिस्ट्री मिली।

#### पुलिस को किया गुमराह, साथी ने खोली पोल

बैंक में लूट की वारदात के बाद आरोपी डॉक्टर ने पुलिस से बचने के लिए भी प्लान बनाया था। खास बात ये है कि पुलिस की गिरफ्तारी से कैसे बचा जांए और पुलिस को कैसे गुमराह किया जाए? इसके लिए उसने करीब तीन-चार बार दृश्यम फिल्म देखी थी। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो वह पुलिस को गुमराह करने लगा। उसने कहा कि वह एक डॉक्टर है तो बैंक लूट क्यों करेगा? लेकिन, उसके साथी ने पूरी कहानी बयां की तो डॉक्टर की पोल खुल गई।

## उर्वरक की काला बाजारी नहीं की जाएगी बर्दाश्त

**बेधड़क** | टोंक

संयुक्त निदेशक कृषि जिला परिषद एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) के. के. मंगल ने मंगलवार को आदेश जारी कर समस्त उर्वरक विक्रेताओं को किसानों की इच्छा के विरुद्ध उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने के लिए विवश नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कृषि आदान विक्रेताओं की ओर से किसानों को उनकी मर्जी के विरुद्ध नैनो यूरिया, सल्फर एवं अन्य उत्पाद दिए जा रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि समस्त सहकारी संस्थाओं को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने के लिए बाध्य करने वालों के खिलाफ एफसीओ के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उर्वरक किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए वर्तमान में रबी गुण नियन्त्रण चलाया जा रहा है, जिसके तहत कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है, गुण नियन्त्रण अभियान 14 नवम्बर तक जारी रहेगा।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि वर्तमान मे किसानो को यूरिया उपलब्ध कराने के लिए प्रति कृषक 5 बैग देने के निर्देश दिए गए हैं। यूरिया की सप्लाई अनवरत जारी है, और आगे किसानों को पर्याप्त यूरिया उपलब्ध होता रहेगा।

**चुनावी पोळ**

टिकटां आळी बादळी,
छाई मरुधर देस।
बरसण की उड़ीक है,
नेता देवै उपदेस।।


■ गजानन

**सीधे फील्ड से** | इस बार ऑनलाइन प्रचार ट्रेंड में, सभी प्लेटफॉर्म्स पर पॉलीटिकल कंटेंट की भरमार

# सोशल मीडिया पर लड़ी जा रही है विधानसभा चुनाव की वर्चुअल जंग

श्रवण भाटी | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में चुनावी माहौल चरम पर है। धरातल पर जनसभाओं में एक दूसरे को घेरने के साथ ही इस चुनाव में पार्टियां वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर भी पूरी ताकत के साथ आमने सामने हैं। विधानसभा चुनावों में पार्टियों का प्रचार करने वाले स्टार प्रचारकों की जगह इस बार सोशल मीडिया और आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस ने ले ली है। दोनों मुख्य दल अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस व भाजपा के साथ ही अन्य दलों व इनके बड़े नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स से हैशटैग ट्रेंड करवा कर आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इस बार चुनावों में दोनों ही पार्टियां युवाओं को सबसे ज्यादा तव्वजो दे रही है। गौरतलब है कि




इस बार के विधानसभ चुनाव में 21.30 लाख युवा मतदाता हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। ऐसे नए मतदाताओं को लुभाने के लिए इस बार पार्टियां विशेष प्रबंध कर रही हैं।

### दोनों ओर से चल रहे एग्रेसिव कैंपेन

दोनों पार्टियों में चल रही सोशल मीडिया वॉर में कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा बाजी मार रही है। सितम्बर माह में कांग्रेस सोशल मीडिया पर भाजपा से आगे निकल गई थी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया सलाहकार के माध्यम से महंगाई राहत केम्प आयोजित कर प्रदेश के हर मतदाता तक पहुंचने का काम किया था। वहीं कांग्रेस ने हर घर गारंटी कार्ड भी देकर उपस्तिथि दर्ज करवाई थी। हालांकि इसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजना का ही प्रचार प्रसार किया गया था। कांग्रेस ने सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों के वीडियो सोशल मीडिया पर आमंत्रित कर एक अनूठी स्ट्रेटेजी के तहत काम किया था। कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया एकाउंट्स के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी जबरदस्त ट्रेंड कर रहे थे। लेकिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और गहलोत के मीडिया सलाहकार के बीच हुई अनबन की खबरों के बाद कांग्रेस की सोशल मीडिया पर पहुंच कुछ नीचे गिर गई। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सितंबर में कांग्रेस सोशल मीडिया कैंपेन में भाजपा से 1.5% आगे बताई गई थी। अक्टूबर आते-आते बीजेपी आगे हो गई। पिछले छः महीने में गहलोत सरकार सोशल मीडिया पर एग्रेसिव कैंपेन चला रही थी। प्रदेश में भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस कार्यालयों में चहल-पहल काम होती दिखाई दे रही थी। लेकिन सोमवार से फिर से कांग्रेस ने भाजपा को ईआरसीपी मुद्दे के माध्यम से घेरने की कायवाद शुरू कर दी है। आगामी चुनावी मुद्दों के नाम पर कांग्रेस विजन 2030 और ईआरसीपी के नाम पर आगे बढ़ने का काम करेगी।

### इतने है प्रदेश में सोशल मीडिया यूजर

| आयु | 18-34 | 35-49 | 50 प्लस |
|---|---|---|---|
| यूट्यूब | 1.24 | 0.62 | 1.59 |
| फेसबुक | 1.47 | 0.41 | 0.14 |
| इंस्टाग्राम | 1.78 | 0.27 | 0.07 |
| एक्स | 0.17 | 0.03 | 0.01 |

(यूजर्स की संख्या करोड़ में)

### सोशल मीडिया पर पार्टियों के फॉलोवर्स

| प्लेटफॉर्म | भाजपा | कांग्रेस | आरएलपी |
|---|---|---|---|
| फेसबुक | 2.7 M | 1 M | 199 K |
| इंस्टाग्राम | 126 K | 72.9 K | 63.1 K |
| एक्स | 899 K | 357 K | 143 K |

### भाजपा 35 हजार वॉट्सएप ग्रुप के साथ साधेगी लक्ष्य



विधान सभा चुनावों को लेकर भाजपा सोशल मीडिया टीम ने अलग से रणनीति तय कर ली है। भाजपा ने बूथ लेवल से पन्ना प्रमुख और बूथ जीता तो चुनाव जीता जैसे केम्पेन चलकर चुनाव जीतने की कवायद शुरू कर दी है। भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया सेल प्रदेश में सेंट्रलाइज सिस्टम के माध्यम से काम कर रही है। भाजपा सोशल मीडिया पर कांग्रेस को घेरने को लेकर एआई के माध्यम से अपना असर दिखाएगी। करीब 35 हजार वॉट्सएप ग्रुप्स के साथ ही सभी प्रत्याशियों के सोशल मीडिया एकाउंट्स बनाए जा रहे हैं।

### कांग्रेस का हथियार ईआरसीपी, बीजेपी का सरकार की नाकामी



सोशल मीडिया पर कांग्रेस ईआरसीपी व अन्य कई मुद्दों पर केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर भाजपा को घेर रही है। वहीं भाजपा पेपर लीक, किसान आत्महत्या, महिला उत्पीड़न, बेरोजगारी, अपराधों का बढ़ता ग्राफ, गैंगरेप सहित कई मुद्दों को घेर रही है। भाजपा के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इन मुद्दों पर बने हाई क्वालिटी वीडियोज को लोकल इनपुट के साथ डाला जा रहा है। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार वीडियो बनाए गए हैं जिससे आम वोटर्स इनसे कनेक्ट हो सकें। -

**बिहाइंड द कर्टेन**





## सूची से पहले चाकचौबंद व्यवस्था

फूल वाली पार्टी की पहली सूची के बाहर आते ही बखेड़ा ऐसा फैला कि संभाले नहीं संभला। हालांकि हाथ वाली पार्टी में टिकट से पहले ही रायता फैलाने वाले दिल्ली तक पहुंच रहे है। लेकिन बात फूल वाली पार्टी की करते हैं तो इस बार दूसरी सूची से पहले पार्टी के बड़े साहब प्रदेश में बार-बार आ रहे हैं। बड़े साहब के यह दौरे सूची से पहले की चाकचौबंद व्यवस्था से जोड़ कर देखे जा रहे हैं। क्योंकि उन्होंने अपने वचनों में भी साफ कहा है कि हंसते खेलते मस्ती से पार्टी का काम करो इससे नतीजे आते है। साहब ने लगे हाथ यह भी कह दिया है कि कपड़ों से बाहर जाओगे तो पार्टी के बाहर जाना होगा। इधर, हाथ वाली पार्टी में भी साहब लोग परेशान हैं क्योंकि यहां मामला नेताओं के बीच ज्यादा उम्मीदवारों के बीच कम है। बकायदा नेताओं ने अपने चहेतों को टिकट दिलवाने के लिए लॉबिंग कर रखी है। ऐसे में बागियों को मनाने का ठेका किसके नाम छोड़ा जाए यह भी चिंता का विषय है। यायावर के पास पक्की खबर है कि दोनों ही दलों के पांच साल से सत्ता सुख भोग रहे भाइयों के टिकट पर सर्वे की आड़ में तलवार चल चुकी है। बस सूची बाहर आने का इंतजार है।

■ यायावर

**ई वॉर**




**थड़ी पॉलीटिक्स**

## सवाल उठाने का हक तभी मिलेगा... जब निभाओगे वोट की ड्यूटी

**स्थान** टी-स्टॉल मालवीय नगर, जयपुर

**समय** शाम 7:00 बजे

अभी तक तो खिलाड़ी ही तय नहीं हुए, इस बार तो कोई बड़ा ही पंगा है। दोनों ही पार्टियां बस मीटिंग-मीटिंग खेल रही हैं, रिजल्ट कुछ निकल नहीं रहा।" चुनावी त्योहार का दिन जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, माहौल भी गर्म होता जा रहा है। कयासों का दौर जारी है। अभी खिलाड़ियों की लिस्ट के कयास लगाए जा रहे हैं, लिस्ट आ जाएंगी तो हार-जीत के अनुमानों का दौर चलेगा। अभी हर वो इंसान राजनीतिक विश्लेषक बना हुआ है जो राजनीति से जरा सा भी प्रभावित होता है। गांवों से लेकर शहरों तक, चौपालों से चौपाटियों तक, सड़क किनारे की थड़ियों से भव्य रेस्टोरेंट्स तक हर जगह अमूमन हर चर्चा चुनावी चर्चा में तब्दील होते देखी जा सकती है। इन चर्चाओं से लोगों के मिजाज को समझने हम मालवीय नगर के एक शॉपिंग मॉल पहुंचे तो मॉल के बाहर कॉफी स्टॉल पर कुछ लोगों की मंडली जमी देख थम गए। चर्चा चल रही थी चुनावी उम्मीदवारों की लिस्ट की। एक और से लिस्ट के इंतजार की बेकरारी सामने आई तो सामने से जवाब आया-"तेरे बड़ी जल्दी है, इतना उतावला तो वो भी नहीं होगा जिसको टिकट मिलना है। जिसको भी मिले मिलने दे, तू तो 25 को जाना, वोट डालकर आ जाना। वैसे पिछली बार किसको दिया था वोट।" जवाब तीसरी तरफ से आया-"पिछली बार क्या, इसने ना तो पिछली बार स्टेट के इलेक्शन में वोट डाला ना सेंटर के इलेक्शन में। बस बातों का शेर है ये, वोट वाले दिन तो छुट्टी मनाने बाहर निकल लेता है।" बात बढ़ाने के लिए ये मुद्दा काफी था, एक तीखा कमेंट आया-"अरे वाह मेरे शेर, टिकट के इंतजार में तो तू पागल हो रहा है, सरकार को गालियां भी खूब देता है, और जो तेरा काम है वो तुझे करना ही नहीं। अगर वोट डाले तब इतनी बात करने का हक है तुझे। वोट डालना तो बेसिक है यार, ये सबकी ड्यूटी है, इसके बाद ही तुम कोई शिकायत कर सकते हो। बस काबिल उम्मीदवार को वोट डालो, उसके बाद कोई सवाल उठाओ।" बात सही थी, जो 'डिफॉल्टर' था वो बगलें झांक रहा था।

**पॉली क्लिक्स**




चुनाव प्रचार के दौरान नेता क्या-क्या नहीं करते? कांग्रेस सरकार में मंत्री और सिविल लाइंस विधायक प्रतापसिंह खाचरियावास इन दिनों अपने अलग अंदाज के लिए चर्चा का विषय बने हुए हैं। नए हेयर स्टाइल के साथ खाचरियावास की अपीयरेंस एक अलग लेवल पर है। हालांकि अभी टिकट कन्फर्म नहीं हुआ, लेकिन वे पूरे जोश के साथ चुनाव प्रचार में लगे हैं। प्रचार के दौरान वे एक दुकान पर पूरियां तलते नजर आए।

**पॉली टून**




**चुनावी इतिहास के झरोखे से**



■ गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार
gulabbatra@gmail.com

# दिलेर कलक्टर- जो बीहड़ों से सुरक्षित निकाल लाए थे EVM से भरी ट्रॉली

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने शासन की बागडोर की तीसरी पारी में अप्रत्याशित रूप से जिलों के गठन की बम्पर घोषणा से राजनीतिक भूचाल ला दिया है। विधानसभा के आखिरी सत्र से नए जिलों की घोषणा का जोश अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि उन्होंने रामलुभाया कमेटी का कार्यकाल बढ़ाते हुए और नए जिले बनाने का संकेत दिया। राज्य विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पहले मुख्यमंत्री ने तीन और जिलों की घोषणा करके प्रदेश के 33 जिलों की 53 तथा सात संभागों की गिनती दस तक पहुंचा दी है। अभी सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर शराबबंदी आंदोलन से जुड़ी पूजा छाबड़ा ने अन्न त्याग का संकल्प लिया है। बहरहाल विधानसभा के लिए 23 नवम्बर को होने वाले चुनाव से जुड़ी प्रशासनिक मशीनरी पुराने जिला कलेक्टर की अगुवाई में जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव सम्पन्न कराएगी। नए जिलों के कलक्टर उन्हें सहयोग करेंगे।

स्वाधीनता के पश्चात संसदीय शासन प्रणाली के प्रमुख आधार स्तम्भ विधायिका में जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए स्वायतशासी भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। आयोग के निर्देशन में प्रदेशों में बनाए गए निर्वाचन विभाग लोकसभा तथा राज्य विधानसभाओं के चुनाव से संबंधित प्रक्रिया पूरी करते हैं और उनका सहयोग जिलों में पदस्थ जिला कलक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में करते हैं। इसी क्रम में पटवारी तहसीलदार - उपखंड अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर इत्यादि अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कार्रवाई को निर्देशानुसार पूरा करते हैं।



समूची निर्वाचन प्रक्रिया की जमीनी हकीकत से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की अलग कहानी होती है। वह जमाना था जब मतपत्रों से मतदान कराया जाता था। तब मतपत्र छीनने, मतपेटी उठाने, मतदान केन्द्र पर कब्जे जैसी शिकायतें होती थीं। अब ईवीएम से मतदान के चलते यह इतिहास हो गया है। फिर भी शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और निर्भयता के वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने पर ही राज्यों तथा केन्द्र स्तर पर संतोष व्यक्त किया जाता है।

तो इसी सिलसिले में वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव का किस्सा पूर्वी राजस्थान के धौलपुर जिले से जुड़ा है। वही धौलपुर जहां से होकर चम्बल नदी निकलती है और इसके बीहड़ों में डकैतों का खौफ शासन-प्रशासन के साथ-साथ आम जनता के लिए भयावह बना रहता है।

विधानासभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिले की राजाखेड़ा तहसील क्षेत्र में गांव शंकरपुरा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में मतदान टोली भेजी गई थी। मतदान सम्पन्न कराने के पश्चात वापस लौट रहे मतदान दल की ट्रेक्टर ट्रॉली पलट गई। जिला मुख्यालय पर सूचना मिलने पर हड़कम्प मच गया। रात हो चली थी। डकैतों के भय से पटवारी, तहसीलदार तैयार नहीं हुए। मतदान दल के साथ ईवीएम मशीनों की चिंता थी। तब वहां पदस्थ एडीएम आरएन अरविंद मौके के लिए रवाना हो गए। गाड़ी की लाल बत्ती बुझाकर दो गाड़ियों के साथ चम्बल के बीहड़ों से होते हुए अरविंद पहुंच गए। इस बीच ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली सीधी की गई। कुछ को हल्की चोटें आईं। निकटवर्ती गांव में शादी समारोह था। एडीएम जब वहां पहुंचे तो मतदान दल के सदस्य भोजन कर रहे थे। सभी को कुशलता से मुख्यालय पर लाया गया।

बीहड़ों के निकट से 60-70 फीट गहरी चम्बल नदी की इस अनूठी यात्रा को अरविंद आज भी याद करते हैं। एक बार नक्सली क्षेत्र में जाने से इंकार करने पर एक आईएएस पर्यवेक्षक के मना करने पर भी आर एन अरविंद ने वहां जाने की हिम्मत दिखाई थी।

## नाट्य निर्देशक इब्राहिम अल्काजी के जन्मदिवस पर विशेष

# भारतीय रंगमंच को दी नई दिशा



जाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इब्राहिम अल्काजी रंगमंच की दिग्गज शख्सियत थे। उनके बिना आधुनिक भारतीय रंगमंच का तसव्वुर नहीं किया जा सकता। उन्होंने देश की आजादी के बाद भारतीय रंगमंच को एक नई दिशा प्रदान की। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय यानी 'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' का आज हम जो स्वरूप देखते हैं, वह दरअसल उन्हीं की कोशिशों का नतीजा है। इब्राहिम अल्काजी ने एनएसडी को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल गढ़ा। इस दरमियान उन्होंने ऐसी प्रस्तुतियां की और ऐसे स्नातक तैयार किए, जिन पर दुनिया का कोई भी रंगमंच फख्र कर सकता है। इस नाट्य विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बनाने के लिए उन्होंने अपना सब कुछ झोंक दिया। वे पन्द्रह साल तक एनएसडी में बतौर निदेशक रहे। उनके कार्यकाल में एनएसडी ने नई ऊंचाईयों को छुआ। एनएसडी के निदेशक के रूप में उन्होंने देश की कई पीढ़ियों को प्रशिक्षित किया। उनके प्रशिक्षित रंगकर्मी और रंग निर्देशकों ने ही आगे चलकर देश में भारतीय रंग आंदोलन को आगे बढ़ाया। रंगमंच और नाटक के लिए इब्राहिम अल्काजी का एक और अहम योगदान विधिवत आधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा को बनाना था। जो आज भी नये निर्देशकों और कलाकारों को प्रशिक्षित करने में मददगार साबित होता है। इब्राहिम अल्काजी जब बीस साल के ही थे, तब सुल्तान पदमसी के मशहूर नाट्य ग्रुप 'दि थिएटर ग्रुप' के पहले अध्यक्ष चुने गए। उनके इस ग्रुप ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों की शुरुआत की, जिसने आगे चलकर मुंबई में एक रंग आंदोलन की शक्ल ले ली। इब्राहिम अल्काजी ने 'रॉयल अकेडमी ऑफ ड्रमैटिक आर्ट' और 'ब्रिटिश ड्रामा लीग' से रंगमंच और ड्रामे का विधिवत अध्ययन किया।

पढ़ाई मुकम्मल हुई, तो उन्हें काउंटी नाट्य सलाहकार बनने और रंगमंच पर पेशेवर तौर पर काम करने की पेशकश मिली। लेकिन उन्होंने यह सारी पेशकश ठुकराते हुए, अपने मुल्क में ही काम करने का फैसला किया। साल 1954 में इब्राहिम अल्काजी, जब महज उनतीस साल के थे, उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के लिए एक प्लान बनाया, जिसे मंजूर कर लिया गया। उन्हें सरकार की ओर से एनएसडी के डायरेक्टर पद की पेशकश की गई, मगर उन्होंने यह पेशकश कबूल नहीं की। बहरहाल, यह प्लान 1958 में अमल में आया। जिस उम्मीद के साथ इस संस्था का आग़ाज हुआ था, जब वह पूरी होती नहीं दिखीं, तो एक बार सरकार का मन इसे बंद करने का हुआ। बंद करने से पहले, इब्राहिम अल्काजी को एक बार फिर इसकी जिम्मेदारी लेने को कहा गया। इस मर्तबा उन्होंने हामी भर दी। आगे का इतिहास सब जानते हैं। इब्राहिम अल्काजी के साल 1962 में डायरेक्टर का पद संभालते ही, एनएसडी में आश्चर्यजनक बदलाव आए। अनुशासन और पेशेवर रवैया इन दोनों चीजों ने एनएसडी की पूरी तस्वीर ही बदल कर रख दी। इब्राहिम अल्काजी खुद वेस्टर्न ड्रामा पढ़ाते थे। हफ्ते में वे कई दफा 30 से 40 क्लास तक लेते। उनकी इस लगन और समर्पण ने एनएसडी को नई ऊंचाईयों पर पहुंचा दिया। साल 1962 से 1977 तक का समय एनएसडी का सुनहरा दौर था। कड़े अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यशैली अल्काजी के काम की खासियत थी। इस दरमियान एनएसडी से पास हुए दो सौ से ज्यादा ग्रेजुएट पर इब्राहिम अल्काजी के काम की स्पष्ट छाप है।

> *इब्राहिम अल्काजी खुद वेस्टर्न ड्रामा पढ़ाते थे। हफ्ते में वे कई दफा 30 से 40 क्लास तक लेते। उनकी इस लगन और समर्पण ने एनएसडी को नई ऊंचाईयों पर पहुंचा दिया। साल 1962 से 1977 तक का समय एनएसडी का सुनहरा दौर था। कड़े अनुशासन और योजनाबद्ध कार्यशैली अल्काजी के काम की खासियत थी। इस दरमियान एनएसडी से पास हुए दो सौ से ज्यादा ग्रेजुएट पर इब्राहिम अल्काजी के काम की स्पष्ट छाप है। उनके इन स्टूडेंट्स ने देश भर में रंगकर्म का विस्तार किया। रंगमंच के हर क्षेत्र में इब्राहिम अल्काजी का दखल था। नाटक के प्रस्तुतिकरण से लेकर वे उसके लिए सेट और लाईट डिजाइन तक कर लेते थे। खास तौर पर अभिनेता के प्रशिक्षण में उनका कोई जवाब नहीं था।*




> *अपने शानदार कॅरियर के दौरान उन्होंने पचास से अधिक नाटकों का मंचन किया। इब्राहिम अल्काजी ने कई ड्रामों का डायरेक्शन किया। जिसमें शेक्सपियर, मौलियर के नाटकों के साथ-साथ ग्रीक ट्रेजिक नाटक भी शामिल हैं। 'गुड़िया घर', 'ऐन्टीगनी', 'अंधा युग', 'आषाढ़ का एक दिन', 'गुड़िया घर', 'इडिपस रेक्स', 'किंग लियर', 'हिरोशिमा' और 'बिच्छू' वगैरह यह वह नाटक हैं, जिनका निर्देशन इब्राहिम अल्क़ाजी ने किया।*

उनके इन स्टूडेंट्स ने देश भर में रंगकर्म का विस्तार किया। रंगमंच के हर क्षेत्र में इब्राहिम अल्काजी का दखल था।

नाटक के प्रस्तुतिकरण से लेकर वे उसके लिए सेट और लाईट डिजाइन तक कर लेते थे। खास तौर पर अभिनेता के प्रशिक्षण में उनका कोई जवाब नहीं था। प्रशिक्षण में उन्होंने जहां आधुनिक पद्धति अपनाई, तो नाट्य प्रदर्शन में शिल्प और तकनीक के नए मापदंड भी स्थापित किए। एनएसडी में स्टूडेंट्स को सिर्फ़ परम्परागत भारतीय रंग प्रशिक्षण ही नहीं दिया जाता था, बल्कि इब्राहिम अल्काजी ने इस स्कूल से कार्ल वेबर, फ्रिट्ज बेनेविट्ज और रिचर्ड शेखनर जैसी विश्व रंग जगत की नामवर हस्तियों को जोड़ा। ताकि उनके विद्यार्थी दुनिया भर के रंगमंच और उसकी शैलियों से अच्छी तरह से वाकिफ हो सकें। परंपरागत भारतीय रंगमंच शैलियों से भी इब्राहिम अल्काजी को कोई गुरेज नहीं था। उन्होंने शांता गांधी को 'जस्मा ओडन' की प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया, तो जाने-माने नाटककार और रंग निर्देशक शिवराम कारंथ को एनएसडी में आमंत्रित किया और उन्हें रंगकर्मियों को 'यक्षगान' का प्रशिक्षण देने की जिम्मेदारी सौंपी।

राजभाषा हिन्दी को राष्ट्रीय रंगमंच की भाषा या रंगमंच की केन्द्रीय भाषा बनाने में भी इब्राहिम अल्काजी का अहम योगदान है। एनएसडी की स्थापना के बाद से ही उन्होंने हिन्दी भाषा की लगातार उम्दा प्रस्तुतियों से यह तय कर दिया था कि आगे चलकर यही जबान, रंगमंच की केंद्रीय भाषा होगी। इब्राहिम अल्क़ाजी की प्रस्तुतियों की रेंज काफी व्यापक है। एक तरफ उन्होंने नए नाटककारों को रंगमंच पर जोर-शोर से पेश किया। मसलन धर्मवीर भारती का 'अंधा युग', मोहन राकेश-'आषाढ़ का एक दिन', गिरीश कारनाड- 'तुगलक', तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने विश्व के क्लासिक नाटकों 'कंजूस' (मौलियर), 'जूलियस सीजर', 'हैमलेट' (शेक्सपीयर), 'दि हाउस ऑफ बर्नार्डा अल्बा' (लोर्का), 'दान्तोज डैथ' (जार्ज व्यूखनर), 'क्रॉस परपज़ेज' (कामू), 'मर्डर इन दि कैथेड्रल' (टी.एस. इलियट), 'घोस्ट्स' (हेनरिक इब्सन) और कालिदास के संस्कृत नाटक 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' और 'मृच्छकटिकम्' (शूद्रक) की भी प्रस्तुति की। इब्राहिम अल्क़ाजी का एक और बड़ा योगदान, रंग स्थल को प्रोसेनियम से बाहर निकालकर दिल्ली के पुराने क़िले, फीरोज शाह कोटला क़िला जैसे वैकल्पिक स्पेस में लेकर जाना था। फिरोज शाह कोटला के खंडहर में उन्होंने जिस शानदार तरीक़े से 'अंधा युग' का प्रदर्शन किया, उसे भला कौन भूल सकता है? आज भी यह नाटक लोगों के जेहन में जिंदा है। संगीत नाटक अकादमी में आज हम जो मुक्ताकाशी मंच 'मेघदूत' देखते हैं, वह भी उन्हीं की परिकल्पना थी। रंग प्रदर्शन के लिए सबसे जरूरी दर्शकों को उससे जोड़ना है।

हमारे यहां जिस तरह से पारंपरिक लोक नाटकों और नौटंकी आदि से दर्शक जुड़ते थे, आधुनिक रंगमंच में उनका अभाव था। यह रंगमंच एक वर्ग तक सीमित था। आम दर्शक इससे दूर ही थे। इब्राहिम अल्क़ाजी ने अपने बेहतरीन नाट्य प्रदर्शनों से आम दर्शकों को रंगमंच से जोड़ा। उनमें आधुनिक रंगमंच के प्रति दिलचस्पी और रंग संस्कार पैदा किए। अपने शानदार कॅरियर के दौरान उन्होंने पचास से अधिक नाटकों का मंचन किया। इब्राहिम अल्काजी ने कई ड्रामों का डायरेक्शन किया। जिसमें शेक्सपियर, मौलियर के नाटकों के साथ-साथ ग्रीक ट्रेजिक नाटक भी शामिल हैं। 'गुड़िया घर', 'ऐन्टीगनी', 'अंधा युग', 'आषाढ़ का एक दिन', 'गुड़िया घर', 'इडिपस रेक्स', 'किंग लियर', 'हिरोशिमा' और 'बिच्छू' वगैरह यह वह नाटक हैं, जिनका निर्देशन इब्राहिम अल्क़ाजी ने किया।

'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' में इब्राहिम अल्काजी के डेढ़ दशक के करियर के दौरान एक से बढ़कर एक शख़्सियात ने रंगमंच के क्षेत्र में अपना पर्दापण किया। बव कारंत, मोहन महर्षि, राम गोपाल बजाज, भानु भारती, बंसी कौल, प्रसन्ना, रतन थियम, आमाल अल्लाना, देवेन्द्र राज अंकुर, नादिरा जहीर बब्बर और रंजीत कपूर जैसे कई निर्देशकों के नाम लिए जा सकते हैं, जो अल्काजी के शागिर्द रहे। भारतीय रंगमंच के इन कद्दावर निर्देशकों ने उनके ही सान्निध्य में प्रशिक्षण लिया। आगे चलकर, इन रंग निर्देशकों ने रंगमंच के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई। और अपनी प्रस्तुतियों से एक अलग ही छाप छोड़ी।

वहीं अदाकारों में भी इब्राहिम अल्काजी के शागिर्दों की एक लंबी फेहरिस्त है। ओम शिवपुरी, ओम पुरी, राज बब्बर, नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर, अनुपम खेर जैसे और भी अनेक नाम हैं जिन्होंने रंगमंच से लेकर फिल्मी दुनिया में भी बुलंदियों को छुआ। इब्राहिम अल्काजी, रंग निर्देशक और अध्यापक के साथ हिंदोस्तानी आर्ट के सरपरस्त और प्रमोटर भी थे। पेंटिंग में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। उन्होंने न सिर्फ़ पेंटिंग्स बनाईं, बल्कि चित्रकला पर पेशेवर तरीक़े से समीक्षा भी की। 'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' छोड़ने के बाद, वे लम्बे समय तक रंगमंच से दूर ही रहे। इस दौरान वे पेंटिंग और कला संरक्षण के काम में जुट गए। इब्राहिम अल्काजी ने कंटेंपररी आर्ट के क्षेत्र में काम कर रहे आर्टिस्ट को प्रोत्साहन देने के लिए दिल्ली में 'आर्ट हेरिटेज गैलरी' की स्थापना की। देश में आधुनिक रंगमंच और नाटक के विस्तार में इब्राहिम अल्काजी के अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें कई सम्मानों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। जिनमें 'पद्मश्री', 'पद्मभूषण' और 'पद्मविभूषण' अहम हैं। देश में ही नहीं, विदेशों में भी इब्राहिम अल्काजी के अद्भुत काम का सम्मान हुआ। साल 2012 में वे फ्रांस के शीर्ष सांस्कृतिक पुरस्कार 'नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' से सम्मानित किए गए। इब्राहिम अल्काजी को यह पुरस्कार, भारत में रंगमंच की स्थापना एवं उसके विकास में अमूल्य योगदान तथा फोटोग्राफी के खजाने के संरक्षण के वास्ते दिया गया। इसके अलावा फ्रांस सरकार ने ही ललित कला और संस्कृति के संरक्षण में उनके बेमिसाल योगदान को सराहते हुए, 'द यूनीवर्सल मैन' की उपाधि दी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## व्यंग्य

# राजनीति के रंग-ढंग कुछ ऐसे भी...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

कोई शीर्ष नेतृत्व के आभामंडल से प्रभावित होकर मतदान करता है, तो कोई परिवार विशेष की राजनीतिक उपलब्धियों पर मोहित होकर अपनी उंगलियों को हरकत में लाता है। हर किसी का अपना एक विशिष्ट नजरिया हुआ करता है। जिस आधार पर आमतौर पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हुआ करती है। खैर। हर एक इलाके में अनेक शख्सियत हाथ- मुंह धोकर मांजा सूते बैठी हुई है। राजनीति के खुले आसमान में हर एक दावेदार अपनी-अपनी पतंग उड़ा रहा है।

पतंग उड़ाना एक बारगी आसान हो सकता है, लेकिन दूसरों की पतंग को काटते हुए अपनी पतंग को उड़ाते रहना ही उन्हें राजनीति के काबिल बनता है। अन्यथा हर एक दल में अनेक लोग ऐसे होते हैं - जो अधिक से अधिक 'हेलो माइक टेस्टिंग हेलो' से आगे नहीं बढ़ पाते। कुछ एक तो भैया के खास होने के नाते अपने अंतर्मन में असीम आनंद की दिव्य अनुभूति से दो-चार हुआ करते हैं। वैसे कुछ समर्थक ऐसे भी होते हैं जो अपनी पसंद के नेता के बढ़ते दर्जे के चलते इतने आनंदित और उत्साहित हो बैठते हैं कि जमा-जमाया रोजगार का साधन अस्त व्यस्त हो जाता है। वह तो अच्छा है कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजनीति में रोजगार की अपार संभावनाएं सन्निहित हैं। राजनीति में तो देखते ही देखते जाने कैसे-कैसे लोग जाने कहां-कहां तक पहुंच गए हैं। इसका ठोस अंदाजा लगाना भी किसी के लिए आसान नहीं है। वह जमाना तो जाने कब का बीत गया जब राजनीति घर फूंक तमाशा हुआ करती थी। आज के सितारे राजनीतिक दलों की तो यह स्थिति थी कि उन्हें चुनाव में लड़ने वाले उम्मीदवार तक की तलाश रहा करती थी। ऐसे में मतदाताओं के समर्थन की आस करना तो सर्वथा बेमानी था। लेकिन कल के सितारे आज अस्ताचल की ओर है और देखते ही देखते पिछली सीट वाले अगली सीट पर आकर देश-प्रदेश का स्टेरिंग हाथों में थामने लगे हैं । सचमुच किसी का समय कब बदल जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। आजकल तो गारंटी इस बात की भी नहीं है कि कल तक जो किसी के प्रति जिंदाबाद जिंदाबाद चिल्लाता रहा हो, वह आने वाले दौर में उसके प्रति मुर्दाबाद मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे।

एक प्रकार से राजनीति अनिश्चितताओं का खेल है। देखते ही देखते इधर वाला उधर चला जाता है या उधर वाला इधर चला आता है। वैसे आजकल तो लाख खोद-खोदकर पूछने से भी दूसरों की तो क्या कहें, घरवाली ही हमें नहीं बताती कि उसने किसके पक्ष में मतदान किया है ? बीते जमाने में परिवार के परिवार किसी प्रत्याशी विशेष के पक्ष में मतदान किया करते थे। अब ऐसा नहीं होता। अब यह अलग बात है कि हर कोई अपने चेतन तथा अवचेतन मन में इस धारणा के साथ दिखना चाहता है कि उसने उसी के पक्ष में मतदान किया है जो उसके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहा है। सीधी-सी बात है, जिधर दम उधर हम। इन दिनों गांव की चौपाल से लेकर राजधानी के क्लब हाउस तक इसी बात की चर्चा है कि किस आका के कितने बंदों को कहां-कहां की टिकट दी जाती है? नागरिकों का वह वर्ग जो राजनीति से सर्वथा परहेज किया करता है, वह भी ऐसे राजनीतिक क्रिकेट का स्कोर जानने की मंशा रखता है। दरअसल जब चुनावी ढोल बजने लगते हैं तब जो नहीं नाचते वह भी मन ही मन नाचने के लिए आकुल-व्याकुल हो जाते हैं। इनके अंतर्मन में ढोलक की हर एक थाप पर कदम थिरकने लगा करते हैं।

## X




**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
मेरे शब्दों पर गौर करें, कांग्रेस पार्टी तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में जीतने जा रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के लिए काम करती है।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
सरकार पर पूरा भरोसा था इसलिए घर से बस 100 रु लेकर निकले थे।



**राघव चड्ढा,** निलंबित राज्यसभा सांसद, आप
@RaghavChadda
पहले नोटिस भेजकर मुझे घर से निकालना चाहा। फिर सस्पेंड करके मुझे संसद से निकाला। मुझे संसद और घर से तो निकाल दोगे, लोगों के दिलों से कैसे निकालोगे?



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
इनर इंजीनियरिंग कोई दर्शन, विचारधारा या धर्म नहीं है। यह खुशहाली और आत्म-परिवर्तन की एक तकनीक है।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
हर बड़ी कामयाबी समय मांगती है, इसलिए धैर्य का साथ कभी मत छोड़िए।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
दिल टूटना, तलाकशुदा या तलाकशुदा दर्द और पीड़ा का कारण बन सकता है। यह सीखना महत्वपूर्ण है कि इस तरह के टेम्पलेट स्ट्रोक से कैसे जुड़ें और इसे कैसे जारी करें।

## नॉलेज कॉर्नर: शाकाहारियों का सुपरफूड है किनोवा के बीज

# हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है किनोवा

हमारे आस पास ऐसे कई धान के बीज पाए जाते है जिसके सेवन से कई रोग सही हो सकते है। लेकिन जानकारी के अभाव के कारण हम उनका उपयोग नहीं कर पाते हैं। हम एक ऐसे बीज की बात कर रहें है जो हमारे आस पास ही पाया जाता हैं जो बहुत ही गुणकारी हैं। हम बात कर रहें है किनोवा के बीज की। किनोवा के बीज को जो खाने में इस्तेमाल किया जाता है। इसे कीनुआ या क्विनोआ, दलियाभी और बथुआ भी कहते हैं। वहीँ इसे लोग उपमा, सूप, डोसा, सलाद, खिचड़ी, दलिया आदि में शामिल कर खाना पसंद करते हैं। आइये आज के नॉलेज कॉर्नर में कीनोवा बीज के बारे में विस्तार से पढ़ते हैं .....

### यह है किनोवा के फायदे

किनोवा के बीजों का नियमित सेवन वजन घटाने में लाभदायक है। वहीं डायबिटीज और बीपी को कंट्रोल में करने में भी सहायक हैं। इसका नियमित सेवन (एनीमिया) खून की कमी को भी दूर करता है। इसके अलावा यह कोलेस्ट्रॉल को कम कर हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है। सिर के बालों से डैंड्रफ हटाकर बालों को मजबूती प्रदान करता है। कैंसर से बचाव के लिए लिए भी इसे लाभदायक माना जाता है। यह



सूजन को कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है। यह एंटी एजिंग जो त्वचा में निखार लाकर टिशू की मरम्मत और विकास भी करता है। मेटाबॉलिज्म में सुधार करके पाचन तंत्र ठीक करता है जिससे गैस, एसिडिटी, कब्ज आदि नही होती।

### तीन प्रकार

यह कूसकूस और चावल की तरह दिखता है। हजारों वर्षों से यह फसल मुख्य रूप से खाद्य बीज के लिए उगाई जाती है। यह कई प्रकार की फसल के रूप में विद्यमान है। इसके मुख्यत: तीन प्रकार प्रचलित हैं- सफेद, लाल और काला किनोआ। सफेद क्विनोआ ज्यादा प्रचलित है। यह एक साबुत अनाज की तरह होता हैं। इसे चावल की तरह पकाने से यह फूल जाता है। इसे फ्राई करके ब्रेकफास्ट से लेकर लंच-डिनर में उपयोग कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल सलाद, सूप, पोरिज, बर्गर, मफिन और पेनकेक्स के रूप में भी कर सकते हैं।

### इन गुणों से है भरपूर

*किनोवा के बीज शाकाहारियों के लिए सुपर फूड माना जाता है। इसमें काफी ज्यादा प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। यह पेट संबंधी मरीजों के लिए काफी फायदेमंद अनाज है। किनोवा का आटा भी बहुत लाभकारी होता है। इससे केक, पराठे, रोटी बनाया जा सकता है। इसके सेवन से वजन को कंट्रोल किया जा सकता है।*

*कंटेंट: श्रवण भाटी*




**मध्य प्रदेश:** कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियों में कई सीटों पर हो रहे हैं विरोध के स्वर मुखर

# भाजपा के 94 उम्मीदवारों के नामों की आज हो सकती है घोषणा

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई सीटों पर विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं।

दूसरी ओर दोनों ही पार्टियां शेष बची सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी करने की तैयारी में जुटी हैं। दोनों ही पार्टियों के केंद्रीय नेतृत्व ने मंगलवार को भी सीटों के मसले पर मंत्रणा की। भाजपा प्रत्याशियों की पांचवीं सूची बुधवार को आने की संभावना है। इसमें कई विधायकों के नाम कट सकते है। दिल्ली में मध्य प्रदेश भाजपा की एक बड़ी बैठक हुई जिसमें 94 प्रत्याशियों के नामों पर विचार किया गया। कांग्रेस ने अभी तक 144 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं जबकि भाजपा ने 122 नाम घोषित किए हैं। पहले भाजपा प्रत्याशियों की पांचवी सूची मंगलवार को आने के कयास लगाए जा रहे थे। अब यह सूची बुधवार को आने की चर्चा संभावना है। सूत्रों के अनुसार भाजपा की पांचवी सूची में 70 नाम हो सकते है। 21 अक्तूबर को नामांकन की अधिसूचना जारी हो जाएगी। भाजपा ने इस बार अपने तीन केंद्रीय मंत्री समेत सात सांसदों को विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत 25 मंत्रियों को टिकट दिया है। अभी आठ मंत्रियों के टिकट रुके हुए हैं। एक मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने स्वास्थ्य के चलते चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। भाजपा ने अभी तक 57 विधायकों को टिकट दिया है। वहीं, तीन विधायकों के टिकट काट दिए हैं।



### दिग्विजय व कमलनाथ के बीच कटाक्ष के तीर!

कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट कटने से पार्टी के कई नेता नाराज हैं और उनके समर्थक मुखर हो रहे हैं। कमलनाथ के एक वायरल वीडियो पर पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पलटवार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं। कांग्रेस ने शिवपुरी से केपी सिंह को टिकट दिया है। इससे टिकट के एक अन्य दावेदार वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों ने मंगलवार को यहां कमलनाथ से नाराजगी जताई। तब कमलनाथ ने रघुवंशी के समर्थकों से कहा कि वो दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन के कपड़े फाड़ें। रघुवंशी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए थे। कमलनाथ की इस कथित टिप्पणी को लेकर दोनों नेताओं के बीच खींचतान के कयास लगाए जा रहे हैं।



### भिंड में BJP को एक और झटका

विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा प्रत्याशियों की घोषणाों के इस बीच भिंड में पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। माना जा रहा है कि मुन्ना भदौरिया बसपा में शामिल हो सकते हैं। पूर्व विधायक रसाल सिंह पहले ही भाजपा से इस्तीफा दे चुके हैं।

### कांग्रेस ने शाह की चुनाव आयोग से शिकायत की



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ मंगलवार को चुनाव आयोग में शिकायत की है। पार्टी ने शाह पर राजनांदगांव में सोमवार को एक जनसभा में भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगाया है। पार्टी ने इस मामले में आयोग से कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के साथ पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से शिकायत की है। कांग्रेस ने शिकायत पत्र में कहा है कि अमित शाह का यह बयान ना केवल आपत्तिजनक है बल्कि इसका एकमात्र उद्देश्य शांत प्रदेश छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

### राघव चड्ढा को खाली नहीं करना पड़ेगा बंगला



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को अपने सरकारी बंगले में रहने की मंजूरी दे दी। इसी के साथ अदालत ने उन्हें दिल्ली के अहम हिस्से में आवंटित बंगले को खाली करने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। निचली अदालत के फैसले से राघव चड्ढा से बंगला खाली कराने का रास्ता साफ हो गया था।

**मध्य प्रदेश:** कांग्रेस का वचन पत्र जारी, लगाई वादों की झड़ी

# महिलाओं को 500 में सिलेंडर किसानों का होगा कर्ज माफ

एजेंसी | भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने मंगलवार को वचनपत्र जारी किया। इसमें युवा, महिला और किसानों पर फोकस किया गया। महिलाओं के लिए प्रियदर्शिनी नाम से अलग से प्रविधान किए गए हैं। पार्टी की ओर से घोषित गारंटियों को शामिल करते हुए वचन पत्र को अंतिम रूप दिया गया है। वचन पत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, वचन पत्र समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह,पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जारी किया गया।

वचन पत्र में पार्टी ने राज्य के लोगों खासकर महिलाओं से कई बड़े वादे किए हैं। महिलाओं व युवाओं के लिए अलग-अलग घोषणाएं की गई हैं। इनमें बेटियों के जन्म से लेकर शादी तक का जिक्र है। पार्टी ने सरकार में आने पर महिलाओं को डेढ़ हजार रुपए प्रतिमाह और पांच सौ रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली निःशुल्क और 200 यूनिट आधी दर पर देने, कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू करने, किसानों को कर्ज माफी देने, पांच हार्सपावर तक के कृषि पंप के लिए निःशुल्क बिजली, पुराने बिजली बिल की माफी, सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली देने, , स्कूली बच्चों को प्रतिमाह 500 से 1,500 रुपए देने के लिए पढ़ो पढ़ाओ योजना, आदिवासियों के ऊपर दर्ज प्रकरणों की वापसी, 50 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाली आदिवासी बहुल क्षेत्रों को छठवीं अनुसूची में शामिल करने, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलवाने और जाति आधारित गणना कराने की गारंटी भी दी गई है।



### दो लाख नई नौकरी का वादा

पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि दो रुपए किलो गोबर खरीदा जाएगा। युवाओं के लिए दो लाख पदों पर भर्ती करेंगे। ग्रामीण स्तर पर एक लाख पद सृजित किए जाएंगे। प्रदेश में उद्योगों का हब बनाया जाएगा। समाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 1200 रुपए दिए जाएंगे। कमलनाथ ने कहा कि हम पदक लाने वाले खिलाड़ियों के लिए करोड़पति बनाने की योजना शुरू करेंगे। साथ ही उन्हें स्टार देंगे। शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति देंगे। आउट सोर्स कर्मचारियों को अन्य सुविधाएं देंगे। इसके साथ कांग्रेस लोगों को नौ गारंटी देगी।

### कांग्रेस का वचन पत्र महाझूठ: शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस के वचन पत्र को महाझूठ करार दिया है। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले भी कांग्रेस ने 900 से ज्यादा वचन दिए थे, जिसमें से नौ वचन भी पूरे नहीं किए। आज तक लोग तरस रहे हैं। प्रदेश के नौजवान पूछ रहे हैं कि 4000 रुपए बेरोजगारी भत्ता कब मिलेगा। समर्थन मूल्य पर बोनस कब मिलेगा, समूहों का कर्जा कब माफ होगा। उन्होंने एक नहीं अनेक वचन दिए थे, सारे के सारे झूठे निकले। और आज फिर महाझूठ पत्र प्रस्तुत कर दिया।

### कांग्रेस ने लोगों से ये किए वादे

- जय किसान कृषि ऋण माफी योजना को कांग्रेस जारी रखेगी। इसके तहत दो लाख रुपए तक कर्ज माफ होगा।
- नारी सम्मान निधि योजना के तहत हर महीने महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा।
- 500 रुपए में गैस सिलेंडर का वादा।
- इंदिरा गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 100 यूनिट माफ और 200 यूनिट तक हाफ दर पर बिजली।
- 2005 से पुरानी पेंशन योजना शुरू करने की बात
- किसानों का बकाया बिजली बिल माफ होगा।
- बहुदिव्यांगजनों की पेंशन की राशि बढ़ाकर 2000 रुपए की जाएगी
- जातिगत जनगणना कराई जाएगी
- शासकीय सेवाओं में ओबीसी को 27 % आरक्षण
- संत शिरोमणि रविदास के नाम पर कौशल उन्नयन विश्वविद्यालय सागर में स्थापित करेंगे।

**मिजोरम की सभा में राहुल ने कहा...**

# कांग्रेस पांचों चुनावी राज्यों में जीतेगी



एजेंसी | आइजोल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा दावा करते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी इन सभी राज्यों में सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा, मेरे शब्दों को नोट करके रख लो। कांग्रेस तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में जीत हासिल करने जा रही है। मिजोरम के अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के लिए काम करती है। राजस्थान में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा नीति है, कर्नाटक एक अतुलनीय सामाजिक सुरक्षा जाल प्रदान करता है, जबकि छत्तीसगढ़ मजबूत नीतियों के साथ उद्यमियों का समर्थन करता है।

### मिजोरम को बनाएंगे हम मॉडल स्टेट

राहुल गांधी ने कहा, मिजोरम को एक मॉडल राज्य बनाने के लिए कांग्रेस के पास एक स्पष्ट योजना है। इस दिशा में हमारी पहल में ₹2,500 रुपए मासिक वृद्धावस्था पेंशन, ₹750 रुपए में एलपीजी सिलेंडर और तांग पुइहना आर्थिक विकास पहल आदि शामिल हैं। भाजपा के उलट कांग्रेस के पास सभी भारतीयों के लिए एक दृष्टिकोण है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें इजराइल की ज्यादा चिंता है। भाजपा सिर्फ नफरत फैलाने का काम कर रही है।

### स्कूटर पर की सवारी

राहुल गांधी ने मंगलवार को मिजोरम की राजधानी आइजोल में एक स्कूटर टैक्सी पर सवारी की और शहर में यातायात संबंधी अनुशासन की सराहना की।

**कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

## बढ़ती कीमतों से लोगों की हालत खराब

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी पर गरीब जनता की परेशानियों को अनदेखा करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने आवश्यक वस्तुओं की 'आसमान छूती' कीमतों को लेकर मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधा। पार्टी ने दावा किया कि बढ़ती कीमतों के कारण गरीबों और मध्यमवर्गीय परिवारों का जीवन दयनीय हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के अनुसार, आर्थिक मोर्चे पर मिल रही चुनौतियों के कारण हालात नाजुक हैं, लेकिन पीएम को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री को आंकड़ों के माध्यम से लोगों को धोखा देना बंद करना चाहिए और सेवानिवृत्ति ले लेनी चाहिए।



### दाल-दूध की कीमतें आसमान छू रही

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-'एक्स' पर एक पोस्ट में जयराम रमेश ने दावा किया, दाल और दूध जैसी रोजमर्रा की जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिसके कारण यह त्योहारी सीजन भी फीका साबित हो रहा है।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 15 प्रत्याशी घोषित किए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए क्षेत्रीय पार्टी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने अपने 15 प्रत्याशियों की पहली सूची मंगलवार को जारी की। पार्टी ने राज्य में बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत राज्य की 230 विधानसभा सीटों में से 52 सीटों पर गोंगपा अपने प्रत्याशी उतारेगी। इसके अलावा बसपा शेष 178 सीटों पर इपने प्रत्याशी घोषित करेगी।

**कुमारस्वामी का इब्राहिम पर कटाक्ष**

## वे असली पार्टी हैं तो अपना बोर्ड लगा लें

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने मंगलवार को पार्टी नेतृत्व के भाजपा से हाथ मिलाने के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाने वाले सीएम इब्राहिम पर निशाना साधा। कुमारस्वामी ने यह भी संकेत दिया कि उन्होंने इब्राहिम के बयान को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा, इब्राहिम ने सोमवार को पार्टी के कुछ नेताओं के साथ एक बैठक में कहा था कि उनके पार्टी छोड़ने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि वह असली जेडीएस हैं। अगर उनकी (इब्राहिम की) पार्टी असली है तो वे एक बोर्ड लगा दें कि वह असली है। उन्हें किसने रोका है? उन्हें जो करना है करने दें, वह इसके लिए स्वतंत्र हैं।



कुमारस्वामी ने कहा, मुझे उनके बयानों को गंभीरता से क्यों लेना चाहिए? यह कोई जवाब देने वाली बात नहीं है। फैसला हमारी पार्टी के नेता करेंगे। जो भी दिक्कत होगी, हम उसे ठीक करेंगे। इब्राहिम ने सोमवार को कहा था कि वह जल्द ही देवेगौड़ा से मिलकर अवगत इस बात से कराएंगे कि जदएस एनडीए में शामिल नहीं होना चाहता।

**छत्तीसगढ़ की चुनावी डायरी**

# भाजपा: बस्तर-दुर्ग अंचल में कांग्रेस के अभेद्य किले को भेदने की चुनौती

एजेंसी | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए प्रचार अभियान में सियासी पारा चढ़ता जा रहा है। अगले कुछ दिनों में भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के दौरे होने वाले हैं।

राज्य में लगातार 15 साल सत्ता में रहने वाली भाजपा 2023 में वापसी के लिए एड़ी चोटी जोर लगा रही है। खासकर बस्तर में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती आदिवासी वोटरों का मन जीत कर बस्तर अंचल में फिर से पांव जमाने की है। दूसरी ओर कांग्रेस बस्तर के अपने अभेद्य किले को बचाने में जुटी है। राज्य में चुनाव के पहले चरण में नक्सली गतिविधियों से प्रभावित बस्तर की 12 और दुर्ग संभाग की आठ समेत कुल 20 सीटों पर मतदान होना है। इसमें बस्तर सबसे अहम है। बस्तर कभी भाजपा का मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन पिछले दो चुनावों में पार्टी को यहां करारी हार का समाना करना पड़ा था। ऐसे में देखना यह है कि 7 नवंबर को इस नक्सल प्रभावित इलाके में होने वाले मतदान में कौन बाजी मारता है। छत्तीसगढ़ के सियासी जानकारों का कहना है कि जिस तरीके से सियासी बिसात बिछाई गई है, उसमें भाजपा और कांग्रेस अपनी मजबूत दावेदारी के साथ नक्सल प्रभावित इलाकों के विकास का पूरा रोड मैप लेकर जनता के बीच में पहुंचे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में बस्तर और दुर्ग की 18 सीटों पर में से भाजपा मात्र एक सीट पर जीत दर्ज कर सकी थी जबकि कांग्रेस ने शेष 17 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी का रास्ता सुगम कर लिया था। जबकि इसके पहले भाजपा ने यहां लगातार तीन चुनावों में शानदार सफलता हासिल की थी। 2003 में यहां की 18 सीटों में भाजपा को 14 सीटें, तो कांग्रेस को महज चार सीटों पर संतोष करना पड़ा था। 2008 में जब भाजपा ने यहां पर 15सीटों पर विजय हासिल की जबकि कांग्रेस के खाते में तीन सीटें गईं। लेकिन 2013 में कांग्रेस ने भाजपा के अभेद्य किले में सेंध लगा दी। कांग्रेस ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की और भाजपा महज 6 सीटों पर पहुंच गई। 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने 18 सीटों में से 17 सीटों पर कब्जा जमा लिया जबकि भाजपा एक सीट पर विजय हासिल कर सकी।



### नेताम की हमर राज पार्टी के 19 प्रत्याशियों के नाम घोषित

कांग्रेसे के पूर्व नेता अरविंद नेताम की हमर राज पार्टी ने मंगलवार को अपने 19 प्रत्याशियों की सूची जारी की। पार्टी ने सामान्य सीटों पर भी आदिवासी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। सूची में 19 उम्मीदवारों में से दो अनुसूचित जाति वर्ग के हैं तथा शेष 17 उम्मीदवार आदिवासी समाज से हैं। सूची में तीन महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। राज्य में आदिवासी समाज का संगठन सर्व आदिवासी समाज (एसएएस) द्वारा गठित इस पार्टी ने पहले आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सभी 29 सीटों सहित 50 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की थी, लेकिन पार्टी अब 60 से 70 सीटों पर चुनाव लड़ने पर विचार कर रही है। एसएएस के कार्यकारी अध्यक्ष बीएस रावटे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में सूची जारी की।

### बसपा की तीसरी सूची जारी 4 प्रत्याशी किए घोषित

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बहुजन समाज पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने तीसरी सूची में चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। बीएसपी ने पहली सूची में 9, दूसरी में 17 और तीसरी सूची में 4 प्रत्याशियों की नाम को घोषणा की है। पार्टी ने कुल 30 उम्मीदवारों को सियासी रण में उतार चुकी है। इस बार के चुनाव में बसपा ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के साथ गठबंधन किया है। दोनों मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें, तो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी और बसपा ने मिलकर चुनाव लड़े थे, जिसमें जोगी कांग्रेस ने 5 सीटें और बसपा ने 2 सीटें जीती थी।

## उत्कृष्ट अभिनय के लिए पुरस्कृत हुए कलाकार











*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक समारोह में फिल्म कलाकारों को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया। इनमें प्रख्यात अभिनेत्री वहीदा रहमान,आलिया भट्ट, अल्लू अर्जुन, कृति सेनन जैसे कलाकार शामिल हैं। दक्षिण भारत के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को इस साल के बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। अर्जुन को 'पुष्पा: द राइज' में उनके शानदार अभिनय के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला है। आलिया भट्ट को उनकी फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में उनके शानदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कृति सेनन ने फिल्म 'मिमी' में अभिनय के लिए आलिया के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार साझा किया। पंकज त्रिपाठी को बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का पुरस्कार फिल्म 'मिमी' में उनके शानदार अभिनय के लिए मिला।*

### मणिपुर: NHRC ने केंद्र को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मणिपुर में हिंसा और वहां शांति स्थापित करने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी कर इस बारे में जानकारी मांगी है। आयोग ने नोटिस में सभी पक्षों से उनकी ओर से उठाए गए कदमों के बारे में स्पष्ट रूप से बताने के लिए कहा गया है।

### सिसोदिया की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि अगर दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत अपराध से आय का हिस्सा नहीं है, तो संघीय एजेंसी के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन का आरोप साबित करना कठिन होगा। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश एस वी एन भट्टी की पीठ ने मामले में सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया।

### वैश्विक समुद्री शिखर सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री मोदी...

# भारत दुनिया के शीर्ष जहाज निर्माता देशों में से होगा एक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज एक नई विश्व व्यवस्था आकार ले रही है और इस बदलती विश्व व्यवस्था में दुनिया नई आकांक्षाओं के साथ भारत की ओर देख रही है। आने वाले दशकों में, भारत दुनिया के शीर्ष पांच जहाज निर्माता देशों में से एक बनने वाला है। हमारा मंत्र है 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' है। आने वाले समय में, हम देश में कई जगह जहाज निर्माण और मरम्मत केंद्र विकसित करने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समुद्री भारत शिखर सम्मेलन (जीएमआईएस) के तीसरे संस्करण के उद्घाटन करते हुए यह बात कही। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मेलन का उद्घाटन किया। समिट का आयोजन मुंबई के एमएमडीआए मैदान में किया गया है। पीएम मोदी ने 23,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।






#### तटीय क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के प्रयास

इस प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा,सैंकड़ों वर्ष पहले सिल्क रूट ने वैश्विक व्यापार को गति दी थी, ये दुनिया के कई देशों के विकास का आधार बना था। अब ये ऐतिहासिक कॉरिडोर भी क्षेत्रीय और वैश्विक व्यापार की तस्वीर बदल देगा। पोर्ट कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए हमने हजारों किमी की नई सड़कें बनाई हैं। सागरमाला परियोजना से भी हमारे तटीय क्षेत्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। ये सारे प्रयास रोजगार सृजन और जीवनयापन की आसानी को कई गुना बढ़ा रहे हैं।

#### लोथल गोदी विश्व धरोहर

पीएम मोदी ने कहा, मैरीटाइम टूरिज्म को बढ़ाने के लिए हमने विश्व की सबसे बड़ी 'रिवर क्रूज सर्विस' की शुरुआत की है। भारत अपने अलग-अलग पोर्ट पर इससे जुड़े कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा,भारत का लोथल गोदी एक विश्व धरोहर है, इसके संरक्षण के लिए लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर की स्थापना की जा रही है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि एक बार वहां जरूर आएं!

#### टॉप 3 इकोनॉमिक देशों में होगा भारत

पीएम मोदी ने पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि वो दिन अब दूर नहीं है, जब भारत, दुनिया की तीन शीष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा,आर्थिक संकट से घिरी हुई दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि जब भी भारत की मैरीटाइम क्षमता मजबूत रही है, देश और दुनिया को इससे बहुत लाभ हुआ है। इसी सोच के साथ बीते 9 वर्षों से हम इस सेक्टर को सशक्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं। हाल ही में भारत की पहल पर एक ऐसा कदम उठाया गया है, जो 21वीं सदी में दुनिया भर की मैरीटाइम इंडस्ट्री के कायाकल्प का सामर्थ्य रखता है।

### गगनयान मिशन की समीक्षा

## 2040 तक चंद्रमा पर जाएगा पहला भारतीय

**एजेंसी** | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान वैज्ञानिकों से कहा कि भारत को 2040 तक चंद्रमा पर एक आदमी भेजने और 2035 तक एक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखना चाहिए। वैज्ञानिकों से पीएम मोदी ने नए लक्ष्यों के तहत वीनस ऑर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर पर काम करने के लिए भी कहा।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि गगनयान मिशन पर पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान, अंतरिक्ष विभाग ने मिशन का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें अब तक विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां जैसे मानव-रेटेड लॉन्च वाहन और सिस्टम योग्यता शामिल हैं।

पीएमओ के अनुसार, ह्यूमन रेटेड लॉन्च व्हीकल (HLVM3) के तीन अनक्रूड मिशनों सहित लगभग 20 प्रमुख परीक्षणों की योजना बनाई गई है।

### विधायकों की अयोग्यता का मामला

## सुनवाई में देरी पर SC ने जताई नाराजगी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे समर्थक विधायकों की अयोग्यता से संबंधित मामले पर सुनवाई में विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर की ओर से हो रही देरी पर एक बार फिर असंतोष जताया है। शीर्ष अदालत ने नार्वेकर को समय-सीमा के लिए आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख तय की।

कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से जल्द से जल्द मामले में फैसला लेने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा, हम ज्यादा समय लिए जाने से खुश नहीं है।

### सीमावर्ती इलाकों में बढ़ेगी सैन्य क्षमता

# सेना खरीदेगी आठ लैंडिंग अटैक क्राफ्ट व छह तेज गश्ती नौकाएं

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सेना ने अपनी लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों के तहत कई रक्षा प्रणालियों की खरीद करेगी। इसमें सीमावर्ती इलाकों में तैनाती के लिए तेज गश्त करने वाली छह नौकाएं, आठ 'लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट' (एलएसीए) पोत और 118 समन्वित निगरानी एवं लक्ष्य प्रणालियों की खरीद शामिल है। सेना ने इसके लिए खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है।



अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि तेज गश्त नौकाएं पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील सहित बड़े जलाशयों में मुख्य रूप से निगरानी के लिए खरीदी जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने तेज गश्ती नौकाओं, एलसीए और इंटीग्रेटेड सर्विलांस सिस्टम की खरीद के लिए सूचना के लिए अनुरोध (आरएफआई) या प्रारंभिक निविदाएं पहले ही जारी कर दी हैं।

तेज गश्ती नौकाओं के लिए जारी की गई आरएफआई में कहा गया है कि गश्ती जहाजों को मजबूत होना चाहिए ताकि छोटी टीम के प्रवेश, निगरानी, टोही और गश्त निर्बाध रूप से की जा सके। साथ ही इन गश्ती जहाजों को इलाके और परिस्थितियों के विभिन्न मैट्रिक्स में काम करने के लिए सक्षम बनाना होगा। स्वदेशी रूप से विकसित नौकाओं की अधिकतम गति 29 नॉट (समुद्र राज्य स्तर 2 पर) होनी चाहिए। साथ ही इसे आठ लोगों के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए।

#### क्रीक इलाके में तैनात होंगे लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट

वहीं, एलसीए (लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट) को क्रीक क्षेत्र और नदी घाटियों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तैनात किया जाएगा। इससे संबंधित निविदा में कहा गया है कि एलसीए की लंबाई 13-14 मीटर के बीच होनी चाहिए और अधिकतम गति 20 नॉट से कम नहीं होनी चाहिए। बता दें कि लैंडिंग क्राफ्ट असॉल्ट (एलसीए) का इस्तेमाल आमतौर पर सैनिकों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता है। प्रारंभिक निविदाओं के लिए आवेदन या प्रस्ताव की अंतिम तिथि 28 नवंबर है। ये रक्षा प्रणालियां 'भारतीय खरीद' श्रेणी के तहत खरीदी जा रही हैं। इस श्रेणी के तहत खरीदे जाने वाले हथियार और सुरक्षा प्रणालियों में 60 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का प्रयोग किया जाता है। गौरतलब है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर टकराव के कारण भारत और चीन के बीच बीते तीन सालों से तनाव की स्थिति है। हालांकि, तनाव कम करने के लिए दोनों पक्षों ने वार्ता जारी रखी है।

#### तटरक्षक बल के लिए जहाज निर्माण पर मुहर

रक्षा मंत्रालय ने 310 करोड़ रुपए की लागत से पहले भारतीय तटरक्षक प्रशिक्षण जहाज के निर्माण के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार बताया कि यह तटरक्षक कर्मियों और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षु अधिकारियों को बुनियादी समुद्री प्रशिक्षण देगा। मंत्रालय ने कहा कि उन्नत और आधुनिक उच्च तकनीक निगरानी प्रणालियों वाला प्रशिक्षण जहाज समुद्र तट और अपतटीय संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। साथ ही समुद्र में चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा। इसके अधिकांश उपकरण और सिस्टम आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एमएसएमई सहित स्वदेशी निर्माताओं से प्राप्त किए जाएंगे। उम्मीद है कि यह तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा।

### महुआ के खिलाफ शिकायत आचार समिति को भेजी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की आचार समित को भेज दी है। दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर यह आरोप लगाया था। दुबे ने मोइत्रा के खिलाफ एक जांच समिति गठित करने और उन्हें सदन से 'तत्काल निलंबित' करने की मांग की है। पत्र में बताया गया कि सांसद महुआ मोइत्रा की भारतीय दंड संहिता की धारा 120-ए के तहत गंभीर विशेषाधिकार हनन, सदन की अवमानना और आपराधिक अपराध के लिए सीधी संलिप्तता शामिल है।

## वायलिन के उस्तादों ने पेश की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां

# संगीत हर व्यक्ति के दिल की धड़कन

**बेधड़क.जयपुर।** भारत के वायलिन के उस्ताद भारतीय शास्त्रीय संगीतकार डॉ. मैसूर एम. मंजूनाथ ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले रागों की श्रृंखला प्रस्तुत की तो हॉल में मौजूद हर कला प्रेमी रागों में खो सा गया। किसी ने खड़े होकर तो किसी ने तालियों से कलाकार को सेल्यूट किया। ये अनूठा नजारा था मणिपाल यूनिवर्सिटी में भारतीय शास्त्रीय संगीत महोत्सव कला समागम का। शारदा पाई सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वायलिन के उस्तादों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। सबसे कम उम्र के केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेताओं में से एक डॉ. मंजूनाथ के साथ सम्मानित मृदंगम कलाकारों में से एक अर्जुन कुमार और जयपुर घराने के तबला कलाकार पंडित महेंद्र शंकर डांगी साथ थे। शाम का सबसे उल्लेखनीय हिस्सा डॉ. मंजूनाथ की बेटी मालवी मंजूनाथ की उपस्थिति थी, जो पहली बार अपने पिता के साथ संगीत कार्यक्रम में शामिल हुईं और प्रस्तुति दी।







### कई विशेषज्ञों ने किया मोटिवेट

कला समागम की शुरुआत के बाद हुई प्रस्तुतियों को प्रदेश भर के कई विशेषज्ञों ने मोटिवेट किया। इस दौरान मालिनी प्रभु, प्रो. प्रेसिडेंट डॉ. थम्मैया सीएस के साथ रोशनी थम्मैया, रजिस्ट्रार डॉ. नीतू भटनागर, प्रोफेसर अनिल दत्त व्यास, डॉ. संध्या व्यास, डॉ. कोमल औदिच्य, कला संकाय डीन और प्रमुख मानव संसाधन श्रीधर एम.एस उपस्थित रहे। संगीतमय शाम में जयपुर के वायलिन कलाकार रविशंकर भट्ट तैलंग, प्रोफेसर मधु भट्ट तैलंग, डॉ. श्याम सुंदर शर्मा और एमयूजे के छात्र व प्रोफेसर मौजूद रहे।

### राग सरस्वती और राग हिंडोला कार्यक्रम की खास प्रस्तुति

शाम की पहली प्रस्तुति राग सरस्वती से शुरू हुई। इसके बाद राग हिंडोला प्रस्तुत किया गया। फिर राग कपि शाम का आकर्षण था, जिसमें कलाकारों ने जगत उद्धारं पार्थी उद्धारं बजाया। संगीत समारोह के समापन से पहले हर कोई उस्ताद पं. महेंद्र शंकर डांगी द्वारा तबला और विद्वान अर्जुन कुमार द्वारा मृदंगम की जुगलबंदी देखकर आश्चर्यचकित रह गया। अंत में डॉ. मंजूनाथ ने 2 भजन रघुपति राघव राजा राम और वंदे मातरम प्रस्तुत किए।

### अलग ही दुनिया की सैर

डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि भारतीय संगीत पूरी तरह से आशुरचना और आत्म-साक्षात्कार के बारे में है। यह लोगों की भावनाओं और दिलों और आत्माओं से जुड़ा है। संगीत दिलों की भाषा है और यह धर्म, भेदभाव और भाषाई बाधाओं से परे है। कोई भी व्यक्ति किसी भी पेशे से जुड़ा हो, उनके दिलों में संगीत हमेशा मौजूद रहता है। अंत में यूनिवर्सिटी अधिकारियों ने कलाकारों का आभार व्यक्त किया। कलाकार दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले गए जहां संचार केवल संगीत के माध्यम से होता है।

## गरबा नाइट में जीते टाइटल्स



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने डांडिया नाइट में जमकर डांडिया खनकाए और गरबा रास से मां की स्तुति की। हर कोई अपने-अपने अंदाज में डांस करते हुए एंजॉय कर रहा था। नजारा था बस्कर्स संस्था की ओर से डांडिया और गरबा रास कार्यक्रम का, जो तिलक नगर में आयोजित की गई। इस मौके पर यंगस्टर्स ने हिस्सा लिया और पर्व मनाया। विशेष रूप से सजाए गए पांडाल में 11 ब्रांच के तीन सौ से ज्यादा युवाओं ने अलग-अलग गीतों पर परफॉर्म किया। इस दौरान बेस्ट डांस और ड्रेस के अलावा कई टाइटल्स देते हुए प्राइज दिए गए तो पार्टिसिपेंट्स उत्साहित हो गए।

## दीया का करेंगे अभिनंदन

**बेधड़क. जयपुर।** दीया कुमारी का माहेश्वरी समाज द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। बुधवार को दीया कुमारी 7:30 बजे वार्ड नं. 27 में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित बैठकों में भाग लेंगी। इसके बाद वे माहेश्वरी समाज की ओर से बांगड़ मेंशन में सुबह 9:30 बजे आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेंगी।

## नवाचारों का जायजा लिया



**बेधड़क. जयपुर।** सूचना व प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त आर्थिक सलाहकार एमएल मीणा ने दूरदर्शन केंद्र जयपुर की स्वच्छता अभियान-3 के तहत चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों व नवाचारों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दूरदर्शन केंद्र जयपुर के उद्यान, मुख्य द्वार, स्वागत कक्ष, स्टूडियो, संपादन कक्ष, प्रशासनिक ब्लॉक व अर्थ स्टेशन सहित विभिन्न स्थानों की की साफ-सफाई का अवलोकन किया गया। इस दौरान दूरदर्शन केंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत किए जा रहे नवाचारों और उनके उत्कृष्ट प्रयासों की प्रशंसा की गई। स्वच्छता अभियान की दृष्टि से डीडीके जयपुर को श्रेष्ठ केंद्र बताया गया। निरीक्षण के दौरान दूरदर्शन केंद्र जयपुर केंद्राध्यक्ष सतीश देपाल, समाचार प्रमुख मंजू मीणा, कार्यक्रम प्रमुख लक्ष्मण दास व्यास, निदेशक अभियांत्रिकी एचपी मीणा, स्वच्छता अभियान के नोडल अधिकारी निदेशक अभियांत्रिकी रणजीत मीणा, निदेशक अभियांत्रिकी निलेश खंडेलवाल, सहायक निदेशक अभियांत्रिकी मूलाराम चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पीएन त्रिपाठी, कार्यक्रम निर्माता वीरेन्द्र कुमार परिहार, लेखाकार राजेंद्र चेतीवाल, वरिष्ठ लिपिक मांगीलाल मीणा समेत केंद्र के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## City इवेंट्स

### राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में OPD



**बेधड़क. जयपुर।** हरियाणा के पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला (हरियाणा) द्वारा शुरू की गई ओपीडी की सुविधा गुलाबी नगरी के जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान राजस्थान सहित अन्य राज्यों में मिलने लगी है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला में ओपीडी की शुरुआत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुलसचिव प्रो. ए रामामूर्ति, उपनिदेशक (प्रशासन) चंद्रशेखर शर्मा, नोडल ऑफिसर डॉ. गुलाबचंद पमनानी, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन, हरियाणा सरकार के अधिकारी व कई लोग मौजूद रहे। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से हर क्षेत्र के लोगों तक आयुर्वेद चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में इस सुविधा का लाभ यहां दिया जाएगा, जिसकी शुरुआत की गई है।

### महावीर सैनी भारतीय टीम के कोच

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान के महावीर सैनी को चीन में होने वाले पैरा एशिया खेलों में भाग लेने वाली भारतीय टीम का कोच बनाया गया है। सैनी कई अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। पैरा एशिया खेल 22 से 28 अक्टूबर तक होंगे। कई अंतरराष्ट्रीय एथलीट तैयार करने वाले सैनी दो बार ओलम्पिक में भारतीय टीम के कोच रह चुके हैं। वह रियो और टोक्यो में हुए ओलम्पिक में भारतीय टीम के कोच थे। वह लंदन और दुबई में हुई वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भारतीय टीम के प्रशिक्षक थे। वह इंडोनेशिया में हुए एशिया खेलों में भी भारतीय टीम के कोच की भूमिका निभा चुके हैं। सैनी ढाका में हुए साउथ एशियन गेम्स, लंदन में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी भारतीय टीम के कोच थे।



### राजस्थानी वेडिंग इंडस्ट्री ही फ्यूचर




**बेधड़क. जयपुर।** फैडरेशन ऑफ राजस्थान इवेन्ट मैनेजर्स 'फोरम' के दसवें वार्षिक सम्मेलन, 'इवेंटस्थान' का आयोजन मुहाना मंडी रोड स्थित हयात रीजेंसी में हुआ। कार्यक्रम का उद्धघाटन फोरम अध्यक्ष महावीर शर्मा, समित गर्ग पूर्व अध्यक्ष फोरम, हरप्रीत बग्गा आदि ने किया। सत्रों में इस उद्योग का भविष्य काफी उज्ज्वल है तथा इसका अभी और विस्तार होना बाकी है, पर बात हुई। फोरम के अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि 'राजस्थानी वेडिंग इंडस्ट्री ही फ्यूचर है' के बारे में विशेष बातचीत की तथा देश भर से आए लगभग 300 इवेंट मैनेजर्स का 'इवेंटस्थान' में स्वागत किया। महासचिव हितेंद्र शर्मा ने स्वागत भाषण दिया व समित गर्ग कार्यक्रम के नोट स्पीकर रहे। कार्यक्रम में बुधवार इस इंडस्ट्री को किस तरीके से बेहतर बनाया जाए, इस पर मंथन किया जाएगा।

## सांगानेर सहित कई जगह हुए हनुमान चालीस के पाठ

# पिंकसिटी के मंदिरों में गूंजा जय हनुमान ज्ञान गुन सागर



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुराइट्स ने हनुमान चालीस का सामूहिक पाठ किया और हजारों की संख्या में हर उम्र के लोग एक मंच पर आए। साथ ही हनुमानजी की पूजा-अर्चना की गई। नजारा था सांगानेर में मालपुरा गेट के पास तेजाजी के बाड़े में हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का। मुख्य वक्ता डॉ. गोपाल शर्मा ने भगवान हनुमान की पूजा कर पाठ का शुभारंभ किया।

संत अमरनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कराया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ पुस्तक में देखते हुए करना चाहिए। कार्यक्रम में सांगानेर क्षेत्र के सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। हनुमत शक्ति जागरण के सामूहिक आयोजन में बड़ी संख्या में सनातनियों ने उत्साह और उमंग दिखाया। संतों-महंतों के सान्निध्य में सर्व समाज के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में हुए पाठ में मातृ शक्ति और युवा शक्ति ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और वीर बजरंग बली की पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने श्रद्धाभरे अंतःकरण से पाठ कर छोटी काशी में सौहार्द बना दिया। साथ ही भजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। भगवा ध्वज लहराती युवाओं की टोलियों ने एक ही नारा एक ही नाम जय श्री जयश्री राम..., वंदे मातरम..., जयकारा वीर बजरंग बली, हर हर महादेव..., भारत माता की जय... के जयकारे लगाकर आयोजन में जोश भर दिया। सांगानेर के अलावा जयपुर के कई मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ हुए।

## स्काउट व गाइड शिविर में हुईं कई एक्टिविटीज

# क्षमताओं के विकास के लिए युवा पीढ़ी को दिए गए टिप्स



**बेधड़क | जयपुर**

शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक व आध्यात्मिक क्षमताओं के विकास के लिए युवाओं को टिप्स दिए गए तो उन्होंने भी विशेषज्ञों से सवाल-जवाब किए। मौका था प्रताप नगर स्थित भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम 'वसुधैव कुटुम्बकम' विषय पर आधारित स्काउट व गाइड कैम्प का।

कैंप में क्लास छठी व 7वीं के 45 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों की क्षमताओं का विकास करना रहा, जिससे वे स्वाबलंबी हो आत्मविश्वास से परिपूर्ण, नेतृत्व गुणों का विकास कर सके। युवाओं के 5 ग्रुप का निर्माण किया गया। प्राचार्या अजयश्री शर्मा के निर्देशन में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।

सबसे पहले टैंट निर्माण कर कक्ष सज्जा की गई। इसके बाद रंगोली, चार्ट, सलाद व सैंडविच निर्माण की गतिविधियां हुईं। इस दौरान विद्यार्थियों ने कलात्मकता का परिचय दिया। शारीरिक खेल, प्रभात फेरी व भ्रमण में यंगेस्टर्स का जोश दर्शनीय था। वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर भाषण व कविता वाचन प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें वक्ताओं ने विचारों व ओजस्वी वाणी से सभी को प्रभावित किया। रात्रिकालीन शिविर में विद्यार्थियों की नृत्य, संगीत व अभिनय कला ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। सर्व धर्म प्रार्थना के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी स्काउट व गाइड ने नियम पालन व कर्तव्य निष्ठा का वचन लिया। अंत में प्राचार्या ने विद्यार्थियों के प्रयास, स्वाबलंबन व अनुशासन की प्रशंसा की।

**परिष्कार कॉलेज** देश भक्ति के जज्बे से लबरेज 'आजादी' नाटक का मंचन

# देश के लिए जान देने वाले वीरों के शौर्य ने किया रोमांचित

**बेधड़क | जयपुर**

शिक्षाविद डॉ. राघव प्रकाश द्वारा लिखित नाटक 'आजादी' का मंचन मंगलवार शाम रविंद्र मंच पर किया गया। इस नाटक में परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस (ऑटोनोमस) के 600 विद्यार्थियों ने अभिनय किया। देश भक्ति के जज्बे से लबरेज इस नाट्य प्रस्तुति में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति दी। स्वतंत्रता आंदोलन के लिए संघर्ष करने और देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले वीर योद्धाओं की शौर्य को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। इस नाटक के लेखक डॉ. राघव प्रकाश ने बताया कि यह प्रस्तुति स्वतंत्रता, समता, सत्य, अहिंसा, सहयोग, धैर्य, क्षमा, राष्ट्रीयता, स्वावलंबन, विनय, संघर्ष और सकारात्मकता का संदेश देती है।



### नाटक की विशेषताएं

यह नाटक अंग्रेजी हुकूमत के अधीन भारत के स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा चलाए गए आंदोलन की एक गाथा है। सन 1857 में जब बंगाल के बैरकपुर छावनी में मंगल पांडे ने सबसे पहले अंग्रजी हुकुमत के खिलाफ विद्रोह किया था। वहां से कहानी की शुरुआत होती है। बाद में बहादुरशाह जफर को अंग्रेजों के चंगुल से छुड़ाने के प्रसंग को चित्रित किया गया। महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन और भारत छोड़ो आंदोलनों के दौरान किए संघर्ष को विस्तार से बताया गया है।

### कॉलेज स्टूडेंट्स की शानदार प्रस्तुति

अमृतसर में अंग्रेजों द्वारा जलियांवाला बाग नरसंहार का दृश्य विचलित करने वाला था। परिष्कार कॉलेज के स्टूडेंट्स ने अंग्रेजी सैनिकों की क्रूरता और उनके द्वारा किए गए हत्याकांड की शानदार प्रस्तुति दी। नाटक के इस दृश्य ने ब्रिटिश साम्राज्य के क्रूर चेहरे को दुनिया के सामने रखा। नाटक में बताया गया कि अंग्रेजों ने भारतीयों पर खूब जुल्म किए।

### 13 साल से लगातार मंचन

आजादी की शौर्य गाथा वाले इस नाटक का मंचन पिछले 13 साल से लगातार किया जा रहा है। नाटक में 600 छात्र-छात्राओं ने भूमिकाएं निभाई। बाबा आमटे दिव्यांग विवि के कुलपति डॉ. देवस्वरूप मुख्य अतिथि एवं आरयू के कुलसचिव कालूराम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल सहित कॉलेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

जिंदगी का सबसे खूबसूरत एहसास है, किसी की खुशी का कारण बनना

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




### अलर्ट मोड पर 2000 अमेरिकी सैनिक

# इजराइल-हमास जंग में अब होगी US की एंट्री!

■ लेबनान सीमा पर भी हो रही है बमबारी

एजेंसी | तेल अवीव

इजराइल और हमास के बीच बढ़ते संघर्ष को देखते हुए अमेरिकी सेना ने अपने दो हजार सैनिकों को अलर्ट पर रखा है। अमेरिका के रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया कि यूएस के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कर्मियों और कई यूनिट्स को तैयार रहने का आदेश दिया है, ताकि वे मध्य पूर्व में बदलते सुरक्षा माहौल पर तुरंत प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकें।

अमेरिकी मीडिया की ओर से बताया कि सैनिक मेडिकल सहायता और विस्फोटकों से निपटने जैसी सहायक भूमिकाएं निभाएंगे। हालांकि, यह भी साफ किया गया कि फिलहाल किसी भी बल को तैनात करने का कोई फैसला नहीं लिया गया है।





### एयरस्ट्राइक में ढेर हुआ हमास का टॉप कमांडर

इजराइली एयरस्ट्राइक में हमास का टॉप कमांडर ढेर हो गया। चरमपंथी संगठन हमास के मिलिट्री विंग ने कहा है कि सेंट्रल गाजा पट्टी में इजराइली सेना के हवाई हमले में उसके शीर्ष कमांडरों में से एक की मौत हो गई। हमास ने बताया कि अयमान नोफल उर्फ अबू मोहम्मद बमबारी में मारे गए अब तक के सबसे हाई-प्रोफाइल शख्स हैं।

### ईरान ने दीर्घकालिक युद्ध की दी चेतावनी

ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि इजरायल को बिना नतीजे भुगते हुए गाजा में कार्रवाई करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। ईरान ने क्षेत्रीय देशों और इजराइल व अमेरिका का विरोध करने वाली शक्तियों को प्रतिरोध मोर्चे के रूप में पेश किया। अब्दुल्लाहियन ने कहा कि सभी विकल्प खुले हैं। प्रतिरोध मोर्चा दुश्मन के साथ दीर्घकालिक युद्ध करने में सक्षम है। बीते हफ्ते ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा था कि तेहरान इजराइल पर हमास के हमले में शामिल नहीं था, लेकिन उन्होंने इजराइल की अपूरणीय सैन्य और खुफिया हार की सराहना की थी।

### आज इजराइल जाएंगे बाइडेन

अमेरिका की ओर से सैनिकों को अलर्ट पर रखने की जानकारी ऐसे वक्त सामने आई है जब राष्ट्रपति जो बाइडेन इजराइल की यात्रा पर जा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि बाइडेन शिखर बैठक के लिए जॉर्डन भी जाएंगे, जहां वह जॉर्डन व मिस्र के राष्ट्राध्यक्ष और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन ज्यां पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडन जूनियर हमास के नृशंस आतंकवादी हमले के मद्देनजर इजराइल के प्रति अपना समर्थन जताने और अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए 18 अक्टूबर यानी बुधवार को इजराइल जाएंगे। इसके बाद वह जॉर्डन के अम्मान जाएंगे। यहां वह जॉर्डन के सुल्तान अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात करेंगे।

### इजराइल और लेबनान सीमा पर भी छिड़ा संघर्ष

इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध का दायरा गुजरते दिन के साथ बढ़ता नजर आ रहा है। लेबनान और इजराइल की सीमा पर मंगलवार को फिर संघर्ष छिड़ गया। गाजा में लड़ाई शुरू होने के साथ ही इजराइल और लेबनान के सशस्त्र समूहों के बीच झड़पें शुरू हो गई थीं। मंगलवार सुबह लेबनान से दागी गई एंटी टैंक मिसाइल उत्तरी इजराइल के मेटुला में गिरी और 3 लोग घायल हो गए। लेबनान के किसी संगठन ने तत्काल इस मिसाइल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उधर इजराइल लेबनान सीमा से सटे क्षेत्रों में रह रहे लोगों को इलाके को खाली करने का आदेश दे चुका है। इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में सीमावर्ती क्षेत्रों में कई गोले दागे और कथित तौर पर व्हाइट फॉस्फोरस भी छोड़ा।

# हो ची मिन्ह में गांधी की प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी | वियतनाम




केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के हो ची मिन्ह में महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण में शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने इस दौरान गांधीजी के योगदान का वर्णन भी किया। महात्मा गांधी के योगदान को याद करते हुए जयशंकर ने कहा कि वह (गांधी जी) न केवल राजनीतिक प्रेरणा के रूप में बल्कि कूटनीति के प्रेरक के रूप में भी काम करते हैं।

उन्होंने बताया साल 1958 में अपनी भारत यात्रा के दौरान वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि हम सभी क्रांतिकारी हो सकते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी महात्मा गांधी के शिष्य हैं।


जयशंकर ने वियतनाम के हो ची मिन्ह के तानो दान पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के साथ वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक भी मौजूद थे। जयशंकर ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पर कहा कि वाइस चेयरमैन डुओंग अन्ह डुक के साथ उद्घाटन में भाग लेने का सौभाग्य मिला। यह स्वतंत्रता, आत्मनिर्भरता और गरिमा को रेखांकित करता है और यही दोनों देशों को एक साथ लाता है। जयशंकर ने आगे कहा कि महात्मा गांधी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक हैं। सत्य, अहिंसा और स्वतंत्रता में उनके योगदान को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मान्यता दी गई है।

उनके जन्मदिन दो अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया गया है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर चार दिनों की आधिकारिक वियतनाम यात्रा पर हैं।

### राष्ट्रपति शी जिनपिंग से करेंगे मुलाकात

# चीन के दौरे पर पेइचिंग पहुंचे पुतिन

**बीजिंग।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पेइचिंग पहुंचे। पुतिन अपने चीन दौरे पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। पुतिन और शी जिनपिंग के बीच हमास-इस्राइल युद्ध और अन्य वैश्विक मुद्दों से संबंधित विषयों पर चर्चा हो सकती है। पिछले वर्ष मार्च के बाद चीन के लिए पुतिन का यह दूसरा दौरा है। जानकारी के अनुसार, पुतिन बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में 130 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। हेग की अंतरराष्ट्रीय अदालत द्वारा पुतिन के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उन्होंने विदेश दौरा नहीं किया है। उन्होंने अगस्त महीने में दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और सितंबर में नई दिल्ली के जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लिया।



### रूसी राष्ट्रपति की यात्रा पर विशेषज्ञों की नजर


विशेषज्ञों की मानें तो रूसी राष्ट्रपति की चीन यात्रा के दौरान कुछ बड़े फैसले भी लिए जा सकते हैं। बता दें कि चीन में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) की 10वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में 130 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बीआरआई में इजरायल-गाजा युद्ध पर भी चर्चा हो सकती है।

### ‘इंडस शील्ड 2023’ में शामिल हुए 14 देश

# पाक वायु सेना का युद्ध अभ्यास

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की वायु सेना (पीएफ) द्वारा अपने एक परिचालन अड्डे पर आयोजित एक युद्ध अभ्यास में चीन और सऊदी अरब सहित 14 राष्ट्रों की वायु सेना इकाइयां हिस्सा ले रही हैं। इस युद्ध अभ्यास के जरिए पीएएफ का मकसद अपनी क्षमता का प्रदर्शन करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना है। रविवार से शुरू हुए इस हवाई अभ्यास में अजरबैजान, बहरीन, चीन, मिस्र, जर्मनी, हंगरी, इंडोनेशिया, ईरान, इटली, कुवैत, मोरक्को, ओमान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, तुर्किये, संयुक्त अरब अमीरात और उज्बेकिस्तान हिस्सा ले रहे हैं।



यह अभ्यास पाकिस्तान के वृहद हवाई युद्ध अभ्यासों में से एक है और इसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ अपनी हवाई क्षमताओं को बढ़ाने के लिए पीएएफ की प्रतिबद्धता को साकार करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है।

पाकिस्तान वायु सेना ने रविवार को अपने आधिकारिक ‘एक्स’ अकाउंट पर बताया कि पीएएफ का 14 राष्ट्रों का हवाई युद्ध अभ्यास ‘इंडस शील्ड 2023’ वायु सेना के डीजीपीआर एयर बेस पर पूरे जोरों-शोरों से चल रहा है।

## इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए 10 नेपाली विद्यार्थी

### नेपाल दूतावास को सौंपे गए 5 शव

**तेल अवीव।** इजराइल ने हमास-इजराइल युद्ध में मारे गए 10 नेपाली विद्यार्थियों में से 5 के शव तेल अवीव में नेपाली दूतावास को सौंप दिया है। शवों को नेपाल लाने की प्रक्रिया जारी है। इजराइल के नेपाल दूतावास ने यह सूचना अपनी सरकार को दी।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सौद ने इस मामले में इजराइल के विदेश मंत्री से बातचीत की। नेपाल युद्ध ग्रस्त क्षेत्र से अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए इजराइल, लेबनान और तुर्किए के हवाई अड्डों का इस्तेमाल कर रहा है।

### नए शोध में खुलासा


# सौर तूफानों से परिंदे हो रहे भ्रमित

एजेंसी | लंदन

सूर्य में होने वाली घटनाओं का प्रभाव पक्षियों पर भी पड़ रहा है। एक अध्ययन में कहा गया है कि सौर तूफानों के कारण पक्षियों को प्रवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक उड़ान भरते समय अपने मार्ग की पहचान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित निष्कर्षों में कहा गया है कि पृथ्वी पर भू-चुंबकीय घटनाएं पक्षियों को परेशान कर रही हैं। इसका सबसे ज्यादा असर उन पक्षियों पर पड़ता है जो हर साल प्रवास के लिए हजारों मील की यात्रा करते हैं।

गौरतलब है कि हमारा सूर्य अपने सौर चक्र से गुजर रहा है, जिससे वह काफी उत्साहित है। सूर्य में उभरे सनस्पॉट के कारण कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) और सोलर फ्लेयर जैसी घटनाएं हो रही हैं। जब वे पृथ्वी पर प्रभाव डालते हैं, तो वे भू-चुंबकीय गड़बड़ी पैदा करते हैं। इनकी वजह से आसमान में अरोरा दिखाई देते हैं।



### नेविगेशन चुनौतियों का करना पड़ता है सामना

भू-चुंबकीय गड़बड़ी के कारण पक्षियों को अपने उड़ान मार्ग का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। यूएस डॉपलर रडार स्टेशनों और ग्राउंड-आधारित मैग्नेटोमीटर से एकत्र किए गए आंकड़ों से पता चला है कि अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं के कारण वसंत और शरद ऋतु के मौसम में 9 से 17% कम पक्षी प्रवास करते हैं। सर्दी के मौसम में उन पक्षियों के लिए मुसीबत हो जाती है जो रात में भी उड़ते हैं। उन्हें नेविगेशन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

### भोजन संबंधी समस्याएं उत्पन्न

सूर्य में सौर अधिकतम की चल रही अवधि वर्ष 2025 तक जारी रहेगी। पक्षियों पर इसका प्रभाव उनके जीवन के लिए भी खतरा हो सकता है, क्योंकि यदि वे अपनी दिशा खो देते हैं, तो उन्हें अपनी मंजिल तक पहुंचने में आवश्यकता से अधिक समय लग सकता है। गंतव्य और उन्हें भोजन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बत्तख, गीज, हंस, सैंडपाइपर जैसे पक्षियों पर भी असर हो रहा है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** पंकज सोनी*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

**"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए**

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl